सूर्योदय : 06.26 बजे

सूर्यास्त : 05.34 बजे

गुरुवार, 02 मार्च 2023

वर्ष-3-अंक 86

मूल्य 2 पृष्ठ 8

हिन्दी दैनिक

# अमर ख्याल

जुनून सच का

(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



e-mail: aknewstv2@gmail.com



RNI TITLE CODE : UPHIN49345






## ब्रिटेन पहुंचने के बाद नए लुक में दिखे राहुल, बाल और दाढ़ी छोटी कराई

■ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ब्रिटेन पहुंचने के बाद नए लुक में नजर आए हैं। अब उन्होंने अपनी दाढ़ी और सिर के बाल छोटे करा लिए हैं। राहुल गांधी एक सप्ताह के दौरे पर मंगलवार को लंदन पहुंचे। उन्हें कैमब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने समेत कुछ कार्यक्रमों में शामिल होना है। कई कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने राहुल गांधी के नए लुक की तस्वीर ट्विटर पर साझा की। राहुल गांधी लंदन में एक कार्यक्रम में सूट और टाई पहने भी नजर आए।

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने दाढ़ी और सिर के बाल बढ़ा लिए थे। उनकी बढ़ी हुई दाढ़ी को लेकर राजनीतिक टिप्पणियां हुईं थीं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया था कि राहुल गांधी दाढ़ी में इराक के पूर्व तानाशाह सद्दाम हुसैन की तरह दिख रहे हैं।

## खास ख़बर

### महंगा सिलेंडरः माकपा ने कीमत में बढ़ोतरी वापस लेने की मांग की

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने घरेलू रसोई गैस के सिलेंडर के दाम में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को सरकार की अलोचना की और इसे वापस लेने की मांग की। माकपा पोलितब्यूरो ने एक बयान में कहा कि प्रति सिलेंडर 50 रुपए की बढ़ोतरी से जनता पर और अधिक आर्थिक बोझ पड़ेगा, जो पहले ही जरूरी वस्तुओं की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि से परेशान है। उसने कहा, इस वृद्धि से सब्सिडी वाले सिलेंडर के उपयोगकर्ताओं की संख्या घट जाएगी, क्योंकि वे इस कीमत को वहन नहीं कर सकते। उज्ज्वला योजना के 10 प्रतिशत लाभार्थी पिछले साल सिलेंडर खरीद नहीं सके थे।



### एलपीजी:बढ़ोतरी पर बोले खरगे, कब तक जारी रहेंगे लूट के फरमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर और वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि लूट के फरमान कब तक जारी रहेंगे।

खरगे ने ट्वीट किया, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपए बढ़े, वाणिज्यिक गैस सिलेंडर 350 रुपए महंगे हुए। जनता पूछ रही है-अब कैसे बनेंगे होली के पकवान, कब तक जारी रहेंगे लूट के ए फरमान?



कांग्रेस अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा, मोदी सरकार में लागू कमरतोड़ महंगाई के तले पिसता हर इंसान। उल्लेखनीय 14.2 किलोग्राम वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बुधवार को 50 रुपए की बढ़ोतरी की गई। दिल्ली में अब घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत।,103 रुपए हो गई है। पहले राजधानी में।,053 रुपए में घरेलू एलपीजी सिलेंडर मिलता था।

### बजट के बाद वेबिनार की श्रृंखला में चर्चा के दौरान पीएम ने कहा

## भविष्य के मद्देनजर बुनियादी ढांचे का निर्माण करें: मोदी

### 75 वर्षों में सिर्फ एक-दो नियोजित शहरों का ही विकास हुआ




■ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सुनियोजित भारतीय शहर देश की किस्मत तय करेंगे। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि अगर आजादी के बाद 75 नियोजित शहर विकसित किए गए होते, आज दुनिया में भारत की जगह कुछ और होती। उन्होंने बजट के बाद आयोजित की जा रही वेबिनार की श्रृंखला में शहरी योजना, विकास और स्वच्छता विषय पर चर्चा के दौरान कहा कि भारत की आजादी के 75 वर्षों में देश में केवल एक या दो नियोजित शहरों का विकास किया गया है। मोदी ने कहा कि भारत के तेजी से शहरीकरण के साथ ही बुनियादी ढांचे का निर्माण करना भी महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के सुनियोजित शहर ही देश की किस्मत तय करेंगे। जब योजना बेहतर होगी, तो हमारे शहर जलवायु अनुकूल और पानी की दृष्टि से सुरक्षित बनेंगे। उन्होंने शहरी नियोजन और विकास के लिए तीन ध्यान देने वाले क्षेत्रों का उल्लेख भी किया - राज्यों में शहरी नियोजन पारिस्थितिकी तंत्र को कैसे मजबूत किया जाए, शहरी नियोजन के लिए निजी क्षेत्र में उपलब्ध विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग कैसे किया जाए और ऐसे उत्कृष्टता केंद्र कैसे विकसित किए जाएं, जो शहरी नियोजन को नए स्तर पर ले जाएं।

सरकार आम बजट 2023-24 की घोषणाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचार-विमर्श करने और सुझाव लेने के लिए बजट के बाद वेबिनार की एक श्रृंखला आयोजित कर रही है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि शहरी विकास के मानकों के लिए इस साल के बजट में 15,000 करोड़ रुपए के प्रोत्साहनों की घोषणा की गई है। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे नियोजित शहरीकरण को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि नए शहरों का विकास और मौजूदा शहरों में सेवाओं का आधुनिकीकरण शहरी विकास के दो मुख्य पहलू हैं।

मोदी ने कहा कि शहरों की खराब योजना या योजना के बाद उचित कार्यान्वयन की कमी भारत की वृद्धि यात्रा में बड़ी चुनौतियां पैदा कर सकती है और इसलिए परिवहन योजना तथा शहरी बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में बहुत ही ध्यान से काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उद्योगों को अपशिष्ट प्रबंधन की क्षमता को अधिकतम करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अमृत योजना की सफलता के बाद शहरों में साफ पानी पहुंचाने के लिए नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत 2.0) की शुरुआत की गई।

मोदी ने कहा कि कुछ शहरों में इस्तेमाल किए गए पानी को साफ करके औद्योगिक उपयोग के लिए भेजा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में शहरी बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि हमारे नए शहरों को कचरा मुक्त, जलवायु के अनुकूल और पानी के लिहाज से सुरक्षित होना चाहिए।

### विधान सभा : आरोप

## महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ गठबंधन ने अहम मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए कार्यवाही बाधित की



एजेंसी ■ मुंबई

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य विधानसभा में लोगों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने का आरोप लगाया। विधानसभा अध्यक्ष ने बुधवार को निचले सदन को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया, क्योंकि शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत की एक टिप्पणी पर हंगामा हुआ। राउत ने विधिमंडल (विधायिका) को चोरमंडल कहा था। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद पटोले ने पत्रकारों से कहा कि राउत के बयान का समर्थन नहीं किया जा सकता और अध्यक्ष को इस पर तत्काल निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने रसोई गैस की कीमतों में बढ़ोतरी और महंगाई जैसे मुद्दों पर भी सरकार पर निशाना साधा।

केंद्र ने बुधवार को रसोई गैस एलपीजी की कीमत में 50 रुपए प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की। पटोले ने कहा, संजय राउत ने विधायिका को लेकर जो कहा वह आपत्तिजनक है...इसका समर्थन नहीं किया जा सकता। विधायका का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं है। यह राज्य की जनता का भी अपमान है। भाजपा ने इस संबंध में उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव पेश किया है। इस पर सदन में किसी ने विरोध नहीं जताया।

उन्होंने कहा कि अध्यक्ष को इस पर तत्काल निर्णय करना चाहिए था और फिर लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए थी। पटोले ने कहा, सत्तारूढ़ दलों ने सदन की कार्यवाही को रोकने का फैसला किया, ताकि लोगों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा नहीं हो।

### विजय संकल्प यात्रा

## नड्डा ने कर्नाटक में चुनाव से पहले यात्रा शुरू की



एजेंसी ■ चामराज नगर

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उसे भ्रष्टाचार, कमीशन, भाई-भतीजावाद और विभाजन पर भरोसा करने वाली पार्टी करार दिया, वहीं अपनी पार्टी को कर्नाटक के विकास के लिए जरूरी बताया।नड्डा ने चामराजनगर जिले में पार्टी की विजय संकल्प यात्रा का पहला चरण शुरू किया जिसके तहत आदिवासी समुदायों से संपर्क साधा जाएगा। इस अवसर पर नड्डा ने विश्वास जताया कि अगले कुछ महीने में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर पार्टी यहां की सत्ता में वापसी करेगी।

कर्नाटक में कुछ महीने में विधानसभा चुनाव होने हैं और इससे पहले चार अलग-अलग दिशाओं से यात्रा निकलेगी। इसके लिए विशेष रूप से रथ तैयार किए गए हैं जिन्हें अगले कुछ दिन में पार्टी के केंद्रीय नेता हरी झंडी दिखाएंगे।

नड्डा ने कहा, अगर भाजपा मजबूत है तो कर्नाटक का विकास जारी रहेगा और राज्य के विकास के लिए जरूरी है कि चुनाव में हम भाजपा का और उसके चुनाव चिह्न कमल समर्थन करें। हानुरु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो भ्रष्टाचार, कमीशन, भाई-भतीजावाद और विभाजन में भरोसा करती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की भाषा देखिए। उन्होंने राजनीतिक मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ दी हैं और गाली-गलौज में लगे हैं।

नड्डा के आज के कार्यक्रमों में उनके साथ मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, वरिष्ठ पार्टी नेता बी एस एदियुरप्पा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील भी थे।इससे पहले नड्डा ने यहां माले महादेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद यात्रा की शुरुआत की।उन्होंने सोलिगा जनजातीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा, एक पवित्र स्थान से विजय संकल्प यात्रा शुरू हो रही है और मुझे विश्वास है कि भगवान की कृपा से भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश पूरी शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है और उन्होंने देश की राजनीतिक दशा को जातिवाद, वोटबैंक और वंशवाद की राजनीति से बदलकर सबका साथ, सबक विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ सभी को साथ लेकर चलने की दिशा में कर दिया है। केंद्र में भाजपा सरकार के शासनकाल में जनजातीय कार्य मंत्रालय के बजट में 190 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## अडाणी समूह को बचाने के लिए एलआईसी, एसबीआई को निवेश का आदेश किसने दिया: राहुल

■ नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अडाणी समूह को बचाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारतीय जीवन बीमा निगम(एलआईसी) को जबरदस्ती निवेश करवाया गया और आम लोगों की बचत को खतरे में डाला गया। उन्होंने यह सवाल भी किया कि क्या भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और एसबीआई को उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह में निवेश का आदेश दिया गया था और यह आदेश किसने दिया था?

राहुल गांधी ने अपनी वीडियो श्रृंखला मित्रकाल, भाग दो आपका पैसा, अडाणी पर लुटाया के तहत एक वीडियो जारी कर कहा, एसबीआई देश का सबसे बड़ा बैंक है। क्या अडाणी समूह को बचाने के लिए एलआईसी और एसबीआई को आदेश दिया गया? एलआईसी ने खतरों से भरे अडाणी समूह में इतना बड़ा निवेश क्यों किया? जब इन बातों से पर्दा उठेगा तो पता चलेगा कि देश का कितना नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा, एसबीआई में आपकी (जनता) मेहनत की कमाई और आपके परिवार तथा बच्चों के भविष्य के लिए बचत रखी है। सवाल यह है कि आपके पैसे को खतरे में कौन डाल रहा है? उन्होंने आरोप लगाया कि अडाणी समूह को बचाने के लिए एलआईसी और एसबीआई से जबरदस्ती निवेश करवाया गया।गांधी ने कहा, क्या आप अपने बच्चों के भविष्य को खतरे में डालना चाहते हैं? मेरा सवाल आप लोगों से है कि अडाणी समूह को बचाने के लिए आपके पैसे क्यों लगाए जा रहे हैं?

### जरा हट के... बग्गा




## राजनाथ ने शहीद सैनिक के पिता के साथ बदसलूकी मामले पर नीतीश से बात की

एजेंसी ■ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वी गलवान घाटी में 2020 में चीनी सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान शहीद हुए एक जवान के पिता के साथ कथित दुर्व्यवहार की खबर आने के बाद यह विषय बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष उठाया। सूत्रों ने बताया कि कुमार ने सिंह को इस मामले में उपयुक्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। सेना के जवान जयकिशोर सिंह के पिता राज कपूर सिंह को बेटे के स्मारक के वास्ते जमीन से जुड़े एक विवाद के मामले में शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। इस गिरफ्तारी के खिलाफ बिहार के वैशाली में लोगों ने प्रदर्शन किया जहां राज कपूर सिंह का आवास है।

एक सूत्र ने कहा, रक्षा मंत्री ने इस संबंध में खबर आने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री से बात की। कुमार ने आश्वासन दिया कि इस मामले में उपयुक्त कार्वाई की जाएगी।

बिहार में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने बुधवार को राज्य विधानसभा में इस मामले को लेकर हंगामा किया।

## विदेश मंत्री ने रूसी समकक्ष लावरोव से बातचीत की

एजेंसी ■ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ द्विपक्षीय सहयोग, यूक्रेन संघर्ष और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर व्यापक बातचीत की। रूस के विदेश मंत्री जी-20 के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार रात यहां पहुंचे थे। यूक्रेन में संघर्ष को लेकर रूस के पश्चिमी देशों से बढ़ते टकराव के बीच बैठक हो रही है। जयशंकर ने ट्वीट किया, जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर रूस के विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव के साथ व्यापक बातचीत की। हमारे द्विपक्षीय सहयोग और जी-20 से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। समझा जाता है कि बातचीत में यूक्रेन का मुद्दा भी आया।



लावरोव की भारत यात्रा के मौके पर रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को जी-20 को दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए प्रतिष्ठित मंच मानता है जहां सभी के हित में संतुलित और आम-सहमति से फैसले होने चाहिए। उसने मंगलवार रात को जारी बयान में कहा, हम बहुस्तरीय लोकतंत्र में विश्वास बहाल करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंटने से रोकने के लिए संगठित करने वाले एजेंडे को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता के लिए जी-20 की भारत की अध्यक्षता का समर्थन करते हैं।

## अतीक अहमद ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर फर्जी मुठभेड़ में मारे जाने की आशंका जताई

एजेंसी ■ नई दिल्ली

सपा के पूर्व सांसद और गैंगस्टर अतीक अहमद ने अपनी सुरक्षा के लिए बुधवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया और दावा किया कि उसे और उसके परिवार को प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड मामले में आरोपियों के रूप में गलत तरीके से शामिल किया गया है और यूपी पुलिस द्वारा उसे फर्जी मुठभेड़ में मारा जा सकता है। इस समय अहमदाबाद केंद्रीय जेल में बंद अहमद ने अपनी याचिका में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विधानसभा में



दिए गए उस कथित बयान का हवाला दिया कि उसे पूरी तरह से मिट्टी में मिला दिया जाएगा और दावा किया कि उसे और उसके परिवार के सदस्यों को जान का वास्तविक और प्रत्यक्ष खतरा है।

इस बात की पूरी संभावना है कि यूपी पुलिस उसकी ट्रांजिट रिमांड मांगेगी और उसे अहमदाबाद से प्रयागराज ले जाने के लिए पुलिस रिमांड भी मांगेगी और उसे ऐसी आशंका है कि इस ट्रांजिट अवधि के दौरान फर्जी मुठभेड़ में उसे मार गिराया जाए। याचिका में 61 वर्षीय अहमद ने राज्य के उच्च पदाधिकारियों से उसके जीवन को खुले और प्रत्यक्ष खतरे से बचाने के लिए उसके जीवन की रक्षा करने के निर्देश केंद्र,यूपी राज्य और अन्य को देने का अनुरोध किया है। याचिका में कहा गया है, उमेश पाल की हत्या के बाद, विपक्ष ने सीएम को यह कहने के लिए उकसाया कि.. माफिया को मिट्टी में मिला दूंगा और उस समय सदन में चर्चा याचिकाकर्ता पर ही चल रही थी।

### वन्य क्षेत्र | राजस्थान के अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ-बाघिनो की संख्या 25 से बढ़कर 27 हो गई है

## बाघ-बाधिन की संख्या बढ़ने से वन्यजीव प्रेमी उत्साहित

■ जयपुर

राजस्थान के अलवर जिले में सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघ-बाघिन की संख्या बढ़ने वन्यजीव प्रेमी उत्साहित हैं। सरिस्का टाइगर रिजर्व से 2005 में एक तरह से बाघ लुप्त हो गए थे। सरिस्का दुनिया की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला अरावली पहाड़ियों के 1213.34 वर्ग किलोमीटर में फैले बाघों के आवास का प्रतिनिधित्व करता है। सरिस्का में दो नए शावकों के आने की कुछ दिन पहले कैमरा ट्रैप के माध्यम से पुष्टि की गई थी,



जिसके बाद अधिकारियों ने कहा कि शावकों सहित बाघ बाघिनों की संख्या 25 से बढ़कर 27 हो गई है। सरिस्का के क्षेत्रीय निदेशक नारायण मीणा ने बताया कि सरिस्का में अब कुल 27 बाघ-बाघिन हैं, इसमें 13 मादा, आठ नर और छह शावक शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को कैमरा ट्रैप में देखने पर दो नवजात शावक देखे गए हैं जिनकी उम्र करीब दो माह है। यह सरिस्का टाइगर रिजर्व के अकबरपुर रेंज के अंतर्गत डाबली सुकोला वन क्षेत्र में बाघिन एसटी-14 की आवाजाही क्षेत्र में थी। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया बाघिन एसटी-14 और दोनों नवजात शावकों का मूवमेंट सामान्य पाया गया है। मीणा ने बताया कि बाघिन एसटी-14 और उसके दोनों नवजात शावकों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश अधिकारियों और संबंधित बाघ निगरानी दल को दिए गए हैं।

अधिकारी ने बताया कि पिछले दो वर्षों में डाबली गांव और सुकोला गांव के आधे हिस्से को पूरी तरह स्थानांतरित करने पर बाघिन ने उसी क्षेत्र में शावकों को जन्म दिया है। इससे पहले उसने नवंबर-दिसंबर 2020 में तीन शावकों को जन्म दिया था। उसी इलाके में जन्म देकर बाघिन ने अपना स्थाई और सुरक्षित क्षेत्र साबित कर दिया है। सरिस्का टाइगर फाउंडेशन के संस्थापक सचिव दिनेश वर्मा दुरानी ने बताया कि सरिस्का में बाघों की बढ़ती आबादी बेहद खुशी का विषय है।

## दिल्ली की आबकारी नीति में कुछ तो काला है

आबकारी घोटाले में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी निस्संदेह, आप को असहज स्थिति में डालने वाली ही है। भले ही आप का शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ता इसे राजनीतिक दुराग्रह से प्रेरित कार्रवाई बता रहे हों, लेकिन सवाल यह भी है कि कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ उम्मीद बनकर उभरी पार्टी के मंत्री व नेता गाहे-बगाहे भ्रष्टाचार के आरोपों में क्यों घिरते नजर आ रहे हैं। पंजाब की आप सरकार के सामने भी ऐसे कई मामले उजागर हुए हैं। हालांकि, कोर्ट से राहत न मिलने के बाद सिसोदिया और मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार सत्येंद्र जैन के इस्तीफों के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं,लेकिन लगता नहीं कि आप का यह संकट जल्दी ही खत्म होने जा रहा है। इसकी वजह यह भी है कि कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई रिमांड पर भेजा गया है। बेशक, राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से इतर एक तथ्य यह भी है कि दिल्ली की आप सरकार की नयी आबकारी नीति की खामियों पर सरकार के मुख्य सचिव की रिपोर्ट पर ही दिल्ली के उपराज्यपाल ने मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि आप सरकार गलत नहीं थी तो उसने अपनी नयी आबकारी नीति वापस क्यों ली? दरअसल, इस नीति में शराब की बिक्री में सरकार की भूमिका खत्म करके जिस तरह शराब व्यापारियों को सौंपा गया, उसने कई सवालों को जन्म दिया। आरोप लगा कि मुट्ठीभर शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाने की कोशिश की गई। लेकिन एक बात तय है कि जिस मजबूती से आम आदमी पार्टी का नेतृत्व व कार्यकर्ता मनीष सिसोदिया के समर्थन में खड़े हुए हैं, उसका मकसद इस मुद्दे के भरपूर राजनीतिक निहितार्थ भी हैं। केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि चंडीगढ़, हरियाणा व पंजाब आदि में भी आप के समर्थकों ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ आंदोलन किये हैं। कहीं न कहीं आप सिसोदिया को राजनीतिक दुराग्रह से पीड़ित दिखाने का प्रयास कर रही है।

*कोर्ट से राहत न मिलने के बाद सिसोदिया और मनी लॉड्रिंग मामले में गिरफ्तार सत्येंद्र जैन के इस्तीफों के गहरे राजनीतिक निहितार्थ हैं,लेकिन लगता नहीं कि आप का यह संकट जल्दी ही खत्म होने जा रहा है। इसकी वजह यह भी है कि कोर्ट से राहत न मिलने के बाद मनीष सिसोदिया को सीबीआई रिमांड पर भेजा गया है।*

**वैदिक विचार** —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### सर्व मित्र

*हते दृंह मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम्।*
*मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।*

*य 36.18*

दुर्बलता सबसे बड़ा पाप है। दुर्बल का जग वैरी। दुर्बल पर रोग प्रहार करते हैं, अत्याचारी अत्याचार करते हैं। दुर्बल की श्री और लक्ष्मी का अपहरण होता है। दुर्बल की संपदा विनष्ट होती है। दुर्बल का मित्रताप्रस्ताव उसकी कायरता समझा जाता है। दुर्बल की अहिंसा उसकी नपुंसकता मानी जाती है। दुर्बल रहते हुए यह आशा करना कि संसार हमें मित्र की दृष्टि से देखे दुराशामात्र है। दुर्बल से कोई मित्रता क्यों करे? मित्र कहते हैं स्नेह और मान करने वाले को। केवल स्नेह करने का नाम मित्रता नहीं है। स्नेह के साथ रक्षा करना भी मित्र का धर्म है। दुर्बल स्नेह भले ही करे, रक्षा नहीं कर सकता। इसका एक दूसरा पक्ष भी है। वज्र को कोई ठोकर नहीं मारता, धूलि को सब ठुकराते हैं। प्रबल से सब घबराते हैं और उसकी मित्रता की आकांक्षा करते हैं। मैं वेदानुयायी आर्य हूं। बलवान् बनकर दुर्बलों को सताना आर्यत्व नहीं, दस्युता है, असुरता है। सशक्त होकर मैं न्यायनियन्ता बनूं। मैं प्राणिमात्र की सेवा करूं तथा अन्याय, अत्याचार और दुःख से उनकी रक्षा करूं। मेरे स्नेह और रक्षण से, प्रेम और सेवा से निर्भय और प्रीतिमान् होकर सब प्राणी मुझे मित्र की दृष्टि से देखें। मैं भी सब प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखूं।

### सच्चिदानंद रूपाय

श्रीमद्भागवत के प्रथम श्लोक में ईश्वर किंवा ब्रह्म के स्वरूप का वर्णन किया गया है। जिसमें ईश्वर को सच्चिदानंद कहकर, इस सृष्टि की उत्पत्ति का हेतु तथा मनुष्यों के तीन प्रकार के तापो को नाश करने वाला बताया गया है। यह ब्रह्म सच्चिदानंद रूपाय है। कहने का अभिप्राय यह है कि ब्रह्म ऐसा आनंद स्वरूप है जो नित्य है ,ज्ञान युक्त चेतन है। भगवान का यह आनंद सत और चित् विशेषण से युक्त है। आनंद रस रूप भी है। भगवान का आनंद चेतन है , चेतना युक्त है जो सृष्टि को आनंदित करता है। संसार का सुख – आनंद अनित्य है जबकि ब्रह्म का आनंद नित्य है ,संसार का अस्तित्व स्वरूप से है, रूप से ही इसकी पहचान होती है। ब्रह्म का अर्थ विस्तार से भी है जिसका अनंत मात्रा में विस्तार हो और जो दूसरों को भी बड़ा बना दें। यह ब्रह्म जीव को भी अनंत ज्ञान और आनंद प्रदान करता है। संसार का आनंद- सुख जड़ है जबकि ब्रह्म का आनंद नित्य और चेतन है। सी प्रकार यह ब्रह्म मनुष्यों के तीनों प्रकार के आदि दैविक,आदिभौतिक और दैहिक पापों का विनाश करता है। कहने का यह है कि मानव देह से जो जाने अनजाने में पाप हो जाते हैं और इन पापों से जो कष्ट,दुख जो वेदना मानव को दुखी करती है उन सब से भी मुक्ति देने वाला सतघन, आनंदघन और चेतन घन ब्रह्म को हम प्राणी प्रणाम कर उनकी कृपा प्राप्त करते हैं। इस लोक में ब्रह्म की तीन विशेषताओं का वर्णन किया गया है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

**डॉ. विनोद दीक्षित**

**पत्र मिला**

### विज्ञान की पढ़ाई की तरफ गंभीरता जरूरी

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों की विज्ञान में रुचि बढ़ाना और लोगों की इसके प्रति रुचि बढ़ाना भी है। भारत ने भी विज्ञान के क्षेत्र में बहुत तरक्की की है, लेकिन सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं।

**संतोष यादव,फरीदाबाद**

अमर ख्याल

# गठबंधन की खुलती गांठों से निस्तेज प्रचंड

**275 सदस्यीय नेपाली संसद 'प्रतिनिधि सभा' में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के कुल जमा 30 सांसद हैं, उनके नेता प्रचंड कब तक कुर्सी से टिके रहेंगे? लाख टके का सवाल है। पांच साल की सत्ता में ओली की नेकपा-एमाले, ढाई साल बाद सत्ता में साझीदारी करे, इतना सब्र कहां था उनके पास? यह भ्रम तो 9 मार्च, 2023 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले टूट गया।**

**पुष्परंजन**
लेखक विदेश मामलों के जानकार हैं।

केवल 64 दिन की गठबंधन सरकार। चट ब्याह, पट तलाक। हनीमून मनाने तक का अवसर नहीं मिला। ऐसा राजनीतिक गठबंधन, जिसकी गांठें, सही से बंधी नहीं थीं। ढीली हुईं और एक-एक करके खुलती चली गईं। सात पार्टियों के गठबंधन में से तीन पार्टियां बाहर हो चुकी हैं। 14 सांसदों वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने शनिवार को नाता तोड़ लिया था। 19 सभासदों वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने फरवरी के पहले हफ्ते ही प्रचंड को बाय-बाय बोल दिया था। गठबंधन में सबसे बड़ी नेकपा-एमाले के 79 सांसदों के बूते प्रचंड बहुमत सरकार का दम भरते थे, सोमवार को धड़ाम से ज़मीन पर आ चुके थे। अब उन्हें सत्ता में रहने के वास्ते नेपाली कांग्रेस का सहारा है। गुरुवार शाम को ही तय हो गया था कि ओली से यारी नहीं करनी।

मंगल-बुधवार तक 16 मंत्री पदों की घोषणा कर देने की योजना बन चुकी है। माओवादी गृहमंत्री का पद अपने पास रखना चाहते हैं। नेपाली कांग्रेस को वित्त और विदेश मंत्रालय चाहिए। मगर, प्रचंड प्रधानमंत्री पद पर कितने दिन रहेंगे? सबसे बड़ा सवाल है। जो नया गठबंधन बना है, उसमें नेपाली कांग्रेस, नेकपा-माओवादी केंद्र, नेकपा (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाज पार्टी, जनमत पार्टी, पीपुल्स फ्रंट नेपाल, लोकतांत्रिक समाज हैं। आठ पार्टियों के बीच मंत्री पद बांटकर उन्हें संतुष्ट करना कोई मज़ाक नहीं है। निश्चित मानिये कि मंत्री पद और महत्वपूर्ण मंत्रालय नेपाली कांग्रेस के हिस्से आना है।

275 सदस्यीय नेपाली संसद 'प्रतिनिधि सभा' में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी सेंटर) के कुल जमा 30 सांसद हैं, उनके नेता प्रचंड कब तक कुर्सी से टिके रहेंगे? लाख टके का सवाल है। पांच साल की सत्ता में ओली की नेकपा-एमाले, ढाई साल बाद सत्ता में साझीदारी करे, इतना सब्र कहां था उनके पास? यह भ्रम तो 9 मार्च, 2023 को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले टूट गया। 13 मार्च, 2023 तक राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी का दूसरा कार्यकाल है। नेपाली कांग्रेस के राष्ट्रपति प्रत्याशी रामचंद्र पौडेल को प्रचंड का समर्थन मिल रहा था, तभी इसका संकेत मिल गया कि सत्ता के अंतःपुर में सब कुछ सामान्य नहीं चल रहा है।

तय तो यह हुआ था कि राष्ट्रपति एमाले का होगा, ठीक उसी तरह जैसे विद्या देवी भंडारी नेकपा-एमाले मज़बूत स्तंभ की तरह ओली की मददगार रहीं। प्रचंड इस व्यूहरचना को समझ रहे थे कि नेकपा-एमाले का राष्ट्रपति सुबास नेमांग बने तो ओली राजनीति का रिमोट कंट्रोल अपने हाथों से जाने नहीं देंगे। एक जून, 2001 को राजमहल में हत्याकांड के समय यही सुबास नेमांग संसद में स्पीकर थे। राजा बीरेंद्र और रानी ऐश्वर्या समेत 10 लोगों की हत्या की कहानी को स्पीकर नेमांग ने बड़े नाटकीय ढंग से सदन में प्रस्तुत किया था, जिससे उन्होंने राष्ट्रीय शोक को भी हास्य में बदल दिया था। ऐसे नॉन-सीरियस सुबास नेमांग को नेकपा-एमाले ने मई, 2018 में संसदीय दल का उपनेता बनाया था।



नये समीकरण से लगता नहीं कि सुबास नेमांग राष्ट्रपति बन पायेंगे। कोई चमत्कार हो जाए तो अलग बात है। संसद के निचले सदन में ओली की नेकपा-एमाले के 79 सांसद हैं। उनसे बड़ी लकीर 89 सांसदों वाली नेपाली कांग्रेस की है। 21 निर्दलीयों को सब लोग मानकर चलते हैं कि ये शाहे वक्त को सलाम करते हैं। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की नेकपा माओवादी वाले नये समीकरण में 'जनमत पार्टी', 'नागरिक उन्मुक्ति पार्टी' और 'जनता समाजवादी पार्टी' के सांसद दिखेंगे। पिछले गठबंधन में प्रचंड के आगे पेचोख़म बहुत सारे थे। राजावादी राप्रपा (राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी) ने शर्त रखी थी कि पौष 27 गते (11 जनवरी) को हिंदू राष्ट्र के संस्थापक गोरखाली राजा पृथ्वी नारायण शाह की जयंती के साथ सार्वजनिक अवकाश घोषित कीजिए, वरना हम आपके साथ नहीं हैं। प्रचंड मान भी गये, मगर परिणाम नकारात्मक ही निकला। नागरिकता की हेराफेरी में दोषी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के नेता रबि लामिछाने को कोर्ट आदेश से उपप्रधानमंत्री सह-गृहमंत्री का पद छोड़ना पड़ा। दोबारा से नागरिकता मिलने के बाद भी रबि लामिछाने को गृहमंत्री पद न देकर प्रचंड ने संकट को निमंत्रण ही दिया था। पहले राउंड में ही रास्वपा के सभी मंत्रियों ने त्यागपत्र भेज दिया, दूसरा झटका समर्थन वापसी से दे दिया। विगत रविवार को राजा समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के चार मंत्रियों ने प्रचंड को इस्तीफा भेज दिया था, सोमवार को नेकपा-एमाले के आठों मंत्रियों ने पद त्याग की घोषणा कर दी।

यों भी, इस गठबंधन को केवल राष्ट्रपति चुनाव तक रोक के रखा गया था। ओली चुनाव तक शांत रहने का निर्देश दे चुके थे, मगर प्रचंड ने सार्वजनिक रूप से यह कह दिया था कि मंत्रियों को हटाने का समय आ चुका है। बिना पोर्टफोलियो का मंत्री बने रहना है, तो एमाले के सांसद शौक से बने रहें। 17 जनवरी, 2023 को डॉ. विमला राई पौड्याल को नेपाल का विदेश मंत्री बनाया गया था। विमला राई पौड्याल को जिनेवा मानवाधिकार कौंसिल की बैठक में जाना था। ऐसा देश में पहली बार हुआ कि विदेश मंत्री एयरपोर्ट जाने की तैयारी कर रही थीं, तभी पीएमओ से संदेश आता है कि आप दौरा रद्द कर दें। नेकपा-एमाले के लिए यह निहायत शर्मनाक स्थिति थी। जबकि कैबिनेट ने विमला राई पौड्याल के जिनेवा दौरे को अप्रूव किया था। अब जेनेवा मानवाधिकार कौंसिल की बैठक में नेपाली दल का नेतृत्व प्रचंड के 'मानवाधिकार सलाहकार' गोविंद प्रसाद कोइराला करेंगे।

नेपाल में जो कुछ महाभारत हुआ है, उससे सबसे बड़ा धक्का कम्युनिस्ट एकता को पहुंचा है। केवल दो नेताओं, प्रचंड और ओली की महत्वाकांक्षा से वामपंथी एकता की बलि चढ़ गई। जब 4 अगस्त, 2016 को खड्ग प्रसाद शर्मा 'ओली' ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। ओली सरकार पार्ट-वन में पांच-पांच उपप्रधानमंत्री थे, फिर भी सत्ता चली गई। तब ओली ने दिल्ली के विरुद्ध गोली दागते हुए कहा था, 'मेरी सरकार को गिराने के लिए भारत ने माओवादियों, राजावादियों और तराई की पार्टियों का इस्तेमाल किया।' फिर उन्हीं माओवादियों की मदद से 15 फरवरी, 2018 को केपी शर्मा ओली दोबारा से सत्ता में आ गये। दोस्ती प्रगाढ़ हुई, 17 मई, 2018 को गठित नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (नेकपा) में दो समानांतर अध्यक्ष बने, ओली और प्रचंड। उस समय 441 सदस्यीय सेंट्रल कमेटी में नेकपा-एमाले के 241 और माओवादियों के 200 सदस्य थे। चार साल की संसद में प्रचंड अपेक्षा यह कर रहे थे कि आधा समय उन्हें प्रधानमंत्री पद संभालने का अवसर मिलेगा। उन्हें वो सब मिला नहीं। दोस्ती के साथ-साथ कम्युनिस्ट गठबंधन का भी कुंडा हो गया। एक बार फिर से काठ की हांडी चूल्हे पर चढ़ाने की असफल चेष्टा हुई।

### किसने क्या कहा...



अडाणी समूह को बचाने के लिए एलआईसी, एसबीआई को निवेश का आदेश किसने दिया : राहुल गांधी



माफिया सरगना अतीक की गाड़ी पलट जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा : सुब्रत पाठक



अगर मनीष सिसोदिया और सत्एंद्र जैन भाजपा में शामिल हो जाएं, तो वे कल रिहा हो जाएंगे : अरविंद केजरीवाल



संगीत कोई उत्पाद नहीं, इसका प्रचार नहीं किया जा सकता : अमजद अली खान
सरोद वादक

### कार्टून...




# नेपाल में अस्थिरता का नया दौर

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**
लेखक भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं।

नेपाल में नई सरकार को बने मुश्किल से दो माह हुए हैं और वहां के सत्तारुढ़ गठबंधन में जबर्दस्त उठापटक हो गई है। उठापटक भी जो हुई है, वह दो कम्युनिस्ट पार्टियों के बीच हुई है। ये दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां नेपाल में राज कर चुकी हैं। दोनों के नेता अपने आप को तीसमार खां समझते हैं। हालांकि पिछले चुनाव में ये दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां नेपाली कांग्रेस के मुकाबले फिसड्डी साबित हुई हैं। नेपाली कांग्रेस को पिछले चुनाव में 89 सीटें मिली थीं. जबकि पुष्पकमल दहल प्रचंड की कम्युनिस्ट पार्टी को सिर्फ 32 और के.पी. ओली की माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी को 78 सीटें मिली थीं।

दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों ने कुछ और छोटी-मोटी पार्टियों को अपने साथ जोड़कर भानमती का कुनबा खड़ा कर लिया। शेर बहादुर देउबा की नेपाली कांग्रेस धरी रह गई लेकिन पिछले दो माह में ही दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों में इतने मतभेद खड़े हो गए कि प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया और अब राष्ट्रपति पद के लिए ओली की पार्टी को दरकिनार करके उन्होंने नेपाली कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बना दिया है।ओली इस बात पर क्रोधित हो गए। उन्होंने दावा किया कि प्रचंड ने वादाखिलाफी की है। इसीलिए वे सरकार से अलग हो रहे हैं। उनके उप-प्रधानमंत्री सहित आठ मंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया है। इन इस्तीफों के बावजूद फिलहाल प्रचंड की सरकार के गिरने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि नए गठबंधन को अभी भी संसद में बहुमत प्राप्त है।

नेपाली संसद में इस समय प्रचंड के साथ 141 सांसद हैं जबकि सरकार में बने रहने के लिए उन्हें कुल 138 सदस्यों की जरूरत है। सिर्फ तीन सदस्यों के बहुमत से यह सरकार कितने दिन चलेगी?



अन्य लगभग आधा दर्जन पार्टियां इस गठबंधन से कब खिसक जाएंगी, कुछ पता नहीं। उन्हें खिसकाने के लिए बड़े से बड़े प्रलोभन दिए जा सकते हैं। राष्ट्रपति का चुनाव 9 मार्च को होना है। अगले एक हफ्ते में कोई भी पार्टी किसी भी गठबंधन में आ-जा सकती है। नेपाल की राजनीतिक स्थिति इतनी अनिश्चित हो सकती है कि राष्ट्रपति का चुनाव ही स्थगित करना पड़ सकता है। नेपाल की इस उठापटक में भारत की भूमिका ज्यादा गहरी नहीं है, क्योंकि दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां कभी पूरी तरह भारत-विरोधी रही हैं और कभी-कभी मुसीबत में फंसने पर भारत के साथ सहज बनने की कोशिश भी करती रही हैं। इस संकट के समय नेपाली राजनीति में चीन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रहनेवाली है। दोनों कम्युनिस्ट पार्टियां उत्कट चीन-प्रेमी रही हैं। इस संकट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सत्ता ही ब्रह्म है, विचारधारा तो माया है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टियां भी आपस में लड़ती रही हैं लेकिन नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सत्ता ही सर्वोपरि है, चाहे वह हर साल बदलती चली जाए। नेपाल में जैसी अस्थिरता हम पिछले डेढ़-दो दशक में देखते रहे हैं, वैसी दक्षिण एशिया के किसी देश में नहीं रही है।

### उपदेश

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवा दी थी। उस समय श्रीराम ने सुग्रीव से पूछा, राजा सुग्रीव, आपकी और मेरी अभी-अभी मित्रता हुई है। मैं ये जानना चाहता हूं कि आप इस जंगल में क्यों रहते हैं? किस बात की परेशानी है? सुग्रीव ने कहा, मेरे बड़े भाई का नाम बाली है। वह मुझे मारने के लिए खोज रहा है। ऋष्यमूक पर्वत पर वह आ नहीं सकता है, क्योंकि उसे शाप लगा है। मैं यहां डरकर छिपा हुआ हूं। श्रीराम ने पूछा, आपका सगा भाई आपको मारना चाहता है? सुग्रीव ने कहा, हां, एक समय हम दोनों भाइयों में बहुत प्रेम था, मित्रता थी। एक दिन हमारे राज्य में एक दानव आया। मेरा भाई बाली बहुत बलवान है और अहंकारी है तो वह उस दानव को मारने के लिए दौड़ पड़ा। दोनों में युद्ध हुआ। दोनों लड़ते-लड़ते एक गुफा में चले गए। बाली मुझसे कहकर गया था कि तुम गुफा के बाहर रुकना, मैं इस दानव को मारकर आता हूं, लेकिन काफी समय तक बाली नहीं आया, एक दिन गुफा से रक्त की धार बाहर आ गई, मैं डर गया। मैंने सोचा बाली मारा गया। मैंने एक बड़ा पत्थर गुफा के द्वार पर रखा और अपने राज्य लौट आया। राजा बाली के बिना राज्य था तो मंत्रियों ने मुझे राजा बना दिया। कुछ समय बाद जब बाली लौट कर आया, उसने मुझे राजा बने देखा तो वह गुस्सा हो गया। उसने मुझे मारा। मेरी कोई गलती नहीं थी। श्रीराम सोचते हैं, आधी-आधी गलती दोनों की है। बाली ने ये जानने की कोशिश नहीं की कि सुग्रीव को राजा किसने और क्यों बना दिया? दूसरी ओर सुग्रीव ने जब गुफा में से रक्त की धार निकलते हुए देखी तो वह जान ही नहीं सका कि ये रक्त किसका है? राक्षस का रक्त था, भाई का समझ लिया। श्रीराम सुग्रीव से कहते हैं, रिश्ते इसलिए ही खराब हो जाते हैं, आप अपने सदस्यों के रक्त को ही पहचान नहीं पाते हैं।

**परिवार में अहंकार होगा तो रिश्ता निभाना मुश्किल हो जाता है।**

## साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान



**बहराइच।** थाना रुपईडीहा में कोतवाल श्री धर पाठक के नेतृत्व में क्षेत्र के कस्बा रूपईडीहा में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया व उच्चाधिकारीगणों द्वारा प्राप्त आदेश निर्देश से अवगत कराया गया।उप निरीक्षक श्री नागेंद्र सिंह ,उप निरीक्षक श्री कुलदीप कुमार, सिपाही रमेश सिंह ,अंकुर यादव, आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाईक नेपाल पर करते अभियुक्त गिरफ्तार



**बाबागंज बहराइच।** स्थानीय पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि थाना हाजा पर 15 फरवरी को वादी मुकदमा अनूप कुमार शर्मा पुत्र शिवकुमार शर्मा निवासी पण्डितपुरवा बाबागंज थाना रुपईडीहा बहराइच के तहरीरी सूचना पर पंजीकृत मुकदमा के संबंध में चोरी हुई मोटरसाइकिल सुपर स्पलेन्डर यूपी 40-ए जे 3918 को मंगलवार को सूचना के आधार पर बाबाकुट्टी के पास से ओमप्रकाश पुत्र रामलखन निवासी अगईया थाना नानपारा जनपद बहराइच के कब्जे से मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। अभियुक्त उक्त मोटरसाइकिल को नेपाल ले जाने के फिराक में था जिसे सुसंगत धारा में माननीय न्यायालय सदर रवाना किया गया।

## मानसिक रोग चिकित्सा कैंप का हुआ उद्घाटन



**बहराइच।** ब्लाक नवाबगंज के सीएचसी चरदा परिसर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक आर एन वर्मा ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मानसिक विकार से ग्रसित व्यक्ति को झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। उसे मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाकर इलाज कराना चाहिए। क्योंकि इलाज कराने से ही मानसिक बीमारियों से छुटकारा मिलेगा। मानसिक रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है। शिविर में कई मरीजों का इलाज हुआ। इस दौरान डॉ विजित जयसवाल मनोचिकित्सक, अलका पांडे मनोवैज्ञानिक, मुकेश कुमार हंस मानिटरिंग ऑफिसर, सीमा कुमारी कम्युनिटी नर्स, अजय कुमार सिंह केस रजिस्टर पर्यवेक्षक हरिराम आर्या आदि मौजूद रहे।

## 20 लीटर शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अमर ख्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मिलक, रामपुर के नेतृत्व में थाना केमरी रामपुर पुलिस द्वारा अब्दुल हसन को मौ0 सिघाड्यिान से मनकरा रेलवे फाटक वाली रोड पर तालाब की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 जरीकैन मे 20 लीटर शराब खाम नाजायज बरामद हुई ।जिसके आधार पर थाना केमरी पर धारा 60(1) आबकारी अधि0 पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी ।

## आगामी त्योहारों को लेकर जटहां बाजार थाना परिसर में पीस कमेटी बैठक संपन्न



**कुशीनगर।** जटहां बाजार थाना परिसर में आज आगामी त्योहार शवेबरात व होली को लेकर पीस कमेटी का आयोजन किया गया जिसके बैठक के अध्यक्षता कर रहे थाना अध्यक्ष राजकुमार बरवार ने क्षेत्रीय लोग व धर्म गुरुओं को बुलाकर त्योहारों को लेकर बताया कि आप सभी लोग एक दूसरे से मिल जुल कर त्योहार को मनाएं। और किसी भी तरह का त्योहारों पर झगड़ा फसाद न करें। वही थाना अध्यक्ष ने बताया कि अगर आप लोगों को होली व शबेबरात पर कोई झगड़ा फसाद जैसी बात सामने आती है। तो आप हमें तुरंत सूचित करें वही इस मौके पर थाना प्रभारी राजकुमार बरवार उप निरीक्षक उमेश यादव चौकी इंचार्ज मन्साछापर बिक्रम अजित राय आमीन अली बिपिन यादव अनील गहलोत बीरेंद्र सोनकर सिंह कांस्टेबल रामलखन यादव तवशीर खान भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल अमिरुल्लाह अंसारी मुनेव भारती ओमप्रकाश हेमन्त कुशवाहा उगनी देवी ग्रामप्रधान थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

## आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने चलाया अभियान



**अमर ख्याल**

**गोण्डा।** आगामी होली त्योहार को देखते हुए बाजारों में सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवम औषधि प्रशासन तथा जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियो की टीम द्वारा जनपद के विभिन्न बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत आज बहराइच रोड पर बालाजी दूध डेरी से दूध का नमूना, बहराइच रोड से ही युधिष्ठिर यादव से दूध का नमूना, खैरा भवानी रोड पर समीर कीर्तनिया के खोया विक्रय व निर्माण स्थल से खोया का नमूना, इटियाथोक बाजार के राम अचल चौरसिया को किराने की दुकान से रंगीन कचरी का नमूना, इटिया थोक के ही इनायतुल्ला की दुकान से रंगीन साबूदाना चिप्स तथा पांडेपुरवा गोंडा रोड के ओमकार किराना से रंगीन चिप्स का नमूना संग्रहित किया गया।कई स्थानों से कुल 3600 रुपए मूल्य की 60 किलोग्राम रंगीन कचरी और चिप्स नष्ट कराई गई। वहीं खाद्य विक्रेताओं को रंगीन कचरी से होने वाले नुकसान बताने के साथ ही साथ उसे न बेचने हेतु जागरूक किया गया।टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार,जयप्रकाश,युगल किशोर तथा संतोष कुमार मौजूद रहे

# जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद ने 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का किया उदघाटन

**बहराइच।** केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये जाने के उद्देश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्ट्रेट बहराइच में लगायी गयी 03 दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह व सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। शुभारम्भ के उपरान्त जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद ने जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र, अधि.अभि. जल निगम राकेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, परियोजना निदेशक डीआरडीए पी.एन. यादव, डीसी एन.आर.एल.एम. रामेन्द्र कुशवाहा, जिला गन्नाधिकारी शैलेश कुमार मौर्या, जिला प्रोबेशन अधिकारी



विनय कुमार सिंह, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी व अन्य अधिकारियों, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, मीडिया प्रतिनिधियों सहित मौजूद गणमान्य व संभ्रान्तजनों के साथ चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्रदर्शनी की सराहना की गयी।

जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद ने आमजन से अपील की है कि 01 से 03 मार्च 2023 तक सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर भारत सरकार व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठायें। जिला पंचायत अध्यक्ष व सांसद ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की शीर्ष प्राथमिकता गांव, गरीब और किसान हैं। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने कहा कि सौभाग्य का विषय है आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में उत्तर प्रदेश सरकार के माध्यम से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विकासपरक व जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं निर्णयों पर आधारित सुन्दर और विस्तृत प्रदर्शनी लगायी है। यह प्रदर्शनी केन्द्र व राज्य सरकार की विकास गाथा को प्रदर्शित कर रही है जिससे आमजन तथा शोधार्थियों को बहुत उपयोगी जानकारी प्राप्त होगी। जिससे आमजन इन योजनाओं का बेहतर ढंग से लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने शिक्षको, छात्र-छात्राओं व आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रदर्शनी का अवलोकन कर लाभ उठाएं।

# डीएम व एसपी ने हुजूरपुर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**बहराइच 01 मार्च।** बोर्ड परीक्षा की प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के साथ हुजूरपुर क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों मदनगोपाल इण्टर कालेज, लार्ड कृष्णा इण्टर कालेज व पंडित विशाल शुक्ल इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए



आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. चन्द्र ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए अपने उत्तरदायित्वों का कड़ाई के साथ निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा के लिए तैनात अधिकारियों को निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षा केन्द्रों के आस-पास शान्ति व्यवस्था, सुरक्षा एवं प्रश्नपत्रों की गोपनीयता को बनाये रखने हेतु अपने उत्तरदायित्वों का संजीदगी के साथ निर्वहन करें। श्री वर्मा ने कहा कि शान्तिपूर्ण माहौल में नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए पुलिस विभाग की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा। डीएम व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम तथा निगरानी के लिए बनाए गए कमाण्ड सेन्टर की बाबत भी जानकरी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## सुब्रत राय सहित आठ लोगों पर कार्रवाई

**अमर ख्याल । अंकित मिश्रा**

**सीतापुर!** जनपद सीतापुर संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में सहारा निवेशकों की जमा धनराशि वापसी हेतु शुरू किए गए आंदोलन के परिणाम स्वरूप भ्रष्टाचार में लिप्त सुब्रत राय सहित आठ लोगों पर सीतापुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है !आंदोलन में मिली इस सफलता में संयुक्त किसान मोर्चा संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू, किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह,सिख संगठन जिला अध्यक्ष गुरुपाल सिंह, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ किसान मंच जिला प्रभारी व सहारा निवेशक संगठन अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा की अगुवाई में हुई आंदोलन की शुरूआत के बाद दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर दोषी सिद्ध करने में मिली इस सफलता से यह प्रमाणित हो गया है कि किसी भी क्षेत्र में निष्ठा और लगन के साथ शुरू किया गए आंदोलन में समय की तो कोई गारंटी नहीं होती परंतु सफलता निश्चित ही मिलती है !संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आंदोलन में भागीदारी करने वाले सहारा निवेशक साथियों के साथ अन्य सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने आंदोलन में तिरपन दिनों तक एकजुटता के साथ संघर्ष में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित की !साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा ने उन सभी मीडिया बन्धुओं के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आंदोलन की खबरें प्रकाशित कर हम सभी का साथ दिया !

# एडिशनल एसपी ने समस्त चौकी प्रभारियों के साथ सभागार कक्ष में की गोष्ठी

अमर ख्याल

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज द्वारा जनपद गोण्डा के समस्त चौकी प्रभारियों के साथ पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आगामी त्यौहार, पास्को एक्ट व महिला सम्बन्धित अपराध के सम्बन्ध में गोष्ठी किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आए हुए चौकी प्रभारियों से त्योहार के संबंध में संवाद कर उनकी क्षेत्र में होनी वाली समस्याओं के बारे में जानकारी की एवं आगामी त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण



संपन्न कराने हेतु होलिका दहन स्थल का भौतिक सत्यापन, विगत वर्षों में होली त्यौहार के अवसर पर यदि कोई घटना घटित हुई है के सम्बन्ध में की गयी कार्यवाही की जानकारी ली गयी। तथा आगामी होली त्यौहार के दृष्टीगत अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के रोकधाम हेतु विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करने हेतु समस्त चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक ने पास्को एक्ट व महिला सम्बन्धित लम्बित समस्त विवेचनाओं का विवरण प्राप्त कर क्रमशः प्रत्येक विवेचक से विवेचना के इतनी लंबी अवधि तक लंबित रखने का कारण जानते हुए विवेचना की अद्यावधिक स्थिति की जानकारी करने के साथ ही इन विवेचनाओं के निस्तारण में आ रही परेशानियों के बारे जाना तथा अपने निकट पर्यवेक्षण में इन मुकदमों को जल्द से जल्द निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। विशेषकर पास्को एक्ट, महिला संबंधी अपराधों व अपहृत बालिकाओ के मुकदमो में टीम बनाकर अतिशीघ्र बरामदगी कर मुकदमे का निस्तारण कराने हेतु संबंधित विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, समस्त चौकी प्रभारी, संबंधित विवेचनाओ के विवेचकगण आदि व अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एसडीएम व सीओ ने अगामी त्यौहार के दृष्टिगत जनमानस के बीच की गोष्ठी

**(अगामी त्यौहार में शांति सौहार्द एवं कानून नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्यवाही, थानाध्यक्ष)**

अमर ख्याल

कौड़िया बाजार/गोण्डा। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत शासनादेश नियमों का पालन करते हुए शासन के मंशानुरूप शांति सौहार्द एवं कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी उप जिला अधिकारी एवं क्षेत्र



अधिकारी को निर्देशों से अवगत कराकर अलर्ट करते हुए शांति सौहार्द एवं भाईचारा के रूप में आगामी त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत पीस कमेटी बैठक करने के क्रम में दिए निर्देश, वहीं दूसरी तरफ थाना कौड़िया बाजार क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी दुबहा बाजार में उपजिलाधिकारी तहसील कर्नलगंज व क्षेत्राधिकारी महोदया करनैलगंज द्वारा आगामी त्यौहार होली व शब ए बारात के दृष्टिगत चौकी दुबहा बाजार में पीस कमेटी का किया गया आयोजन। जिसमें विभिन्न गाँवों के प्रधान ,प्रधान प्रतिनिधि, सम्भ्रांत व्यक्ति, डीजे स्वामी, बिजली विभाग के अधि0 ,नगर पंचायत के कर्मचारीगण व मीडिया के कर्मचारीगण भी मौजूद रहे। गोष्ठी में उपस्थित सभी होलिका रखने वालों से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहार होली के दृष्टिगत शासन द्वारा निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप त्यौहार प्रेम भाईचारा व शांति सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील की गयी ,त्यौहार सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी से उनकी राय प्राप्त कर त्यौहार में आने वाली समस्याओं के विषय में चर्चा कर जुलूस निकलने वाले स्थानों रास्तों में पड़ने वाले मंदिर मस्जिद के विषय में चर्चा की गई एवं त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी से सहयोग की अपेक्षा की गई जिसके संबंध में सभी द्वारा सहमति व्यक्त की गई। थाना अध्यक्ष विद्या सागर पांडे ने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी शांति सौहार्द एवं कानून नियमों का उल्लंघन कर उपद्रव उत्पन्न करता हुआ पाया गया, तो तत्काल प्रभाव से चिन्हित कर शीघ्र ही सख्त से सख्त कठोर दंडात्मक त्वरित कार्यवाही की जाएगी।

# जिले कप्तान के निर्देशन पर समस्त थाना क्षेत्रों में मनाई गई साइबर जागरूकता दिवस

अमर ख्याल

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर के निर्देशन में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के अनुरूप आम जनमानस में साइबर अपराध से बचाव हेतु ह्यह्यसाइबर जागरूकता दिवसह्यह्य पर जनपद गोण्डा में थानों के साइबर नोडल उ0नि0 एवं प्रशिक्षित कर्मियों के सहयोग से जनपद के समस्त थाना क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों में साइबर जागरूकता का सेमीनार आयोजित कर साइबर जागरूकता से सम्बन्धित पम्पलेट, पोस्टर का प्रयोग कर आम जनमानस में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल एवं टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे अवगत कराते हुए साइबर



जागरूकता दिवस मनाया गया।साइबर अपराध जैसे इन्टरनेट बैकिंग, एटीएम कार्ड/डेबिड कार्ड/क्रेडित, ओलेक्स फ्राड, वालेट/यूपीआई सम्बन्धित धोखाधड़ी में सावधानियां, फेसबुक हैकिंग, बारकोड के माध्यम से होने वाले फ्राड, व्हाट्एप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइड से होने वाले फ्राड के सम्बन्ध में सावधानियां, फेसबुक, इंस्ट्राग्राम, व्हास्टएप आदि सोशल साइट्स से हनी ट्रैप होने के सम्बन्ध में बचाव के तरीके एवं साइबर अपराध घटित होने पर थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क/हेल्पलाइन नम्बर/वेबसाइड पर शिकायत दर्ज के सम्बन्ध में व अपराध होने पर पुलिस किस प्रकार उनकी मदद कर सकती है, इसकी जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

उक्त आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजनमानस को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कराना था जिससे साइबर अपराध सम्बन्धी जागरूकता का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जा सके और नागरिकों को साइबर ठगी से बचाया जा सकें।

## तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को नहीं मिल रही दवाइयां



**अमर ख्याल । अंकित मिश्रा**

सीतापुर। तंबौर/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। समय से दवा वितरण केंद्र पर कुर्सियाँ खाली पड़ी होने के चलते मरीजों को दवाइयाँ लेने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। स्वाथ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। लाखों रुपए खर्च कर रही है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक, द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों के लगातार पेंच कसे जा रहे है। लेकिन तंबौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। मंगलवार को सुबह दस बजकर पैंतालिस मिनट तक दवाई वितरण केंद्र पर फार्मासिस्ट सहित कोई भी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद नही था। जिससे दवाई लेंने आये मरीजों की लम्बी लाइन लग गई। दवाई वितरण केंद्र पर फार्मासिस्ट के उपलब्ध न होने से दवाई लेने आये मरीज इधर उधर भटकने को मजबूर हो गए। यह सिलसिला सी.एच.सी.पर अक्सर दिखाई देता है। वहीं दवाई वितरण केंद्र पर अधिकतर फार्मासिस्ट विनय मिश्रा, की जगह प्राइवेट कर्मियों द्वारा दवाइयों का वितरण कराया जा रहा है। दवाई वितरण केंद्र पर मौजूद मुनव्वर अली,रेहाना,रोहित,चाहत,रामदीन,बाबू सहित लगभग दो दर्जन मरीज घण्टों से खड़े होकर दवाई वितरण केंद्र खुलने का इंतजार कर रहे थे।

## धोरेरा में चल रही निशुल्क पाठशाला की हो रही भूरी भूरी प्रसंशा



**अमर ख्याल । राजेश कुमार**

**मथुरा।** जनपद के धौरहरा में चल रही निशुल्क पाठशाला पहुंचे सरीला जोकि फ्यूचर इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं वह मथुरा से वृंदावन की ओर जा रहे थे उन्होंने माता सावित्रीबाई फुले ज्योतिबा फुले पाठशाला का बोर्ड देखा और गाड़ी को रोक लिया उन्होंने बोर्ड को पढने के बाद देखा कि पाठशाला तो निःशुल्क चल रही है तो पाठशाला में जाना उचित समझा और उन्होंने और उनकी पूरी टीम ने बहुत ही साहस ने बताया उनको यह काम देख कर बहुत खुशी हुई उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इतनी खुशी नहीं हुई जितनी खुशी आज इस काम को देखकर हुई इस पाठशाला को देखकर हुई उन्होंने गरीब बच्चों के लिए कुछ खाने पीने के लिए वितरित किया साथ ही उन्होंने तक ऐसे नाम मांगे जिनकी वह हर महीने मदद करना चाहते हैं उनको नाम लिखकर दे दिए हैं उनमें से लगभग 5 लोगों की मदद कर चुके हैं आज कुछ राशन वितरित किया गया पूरी जन कल्याण समिति के इस सराहनीय कार्य की सराहना की। दौराला में चल रही निशुल्क पाठशाला के दौरान डॉ साहब सिंह बौद्ध, बृजेश अंबेडकर, गुरुपकाश एवं पूरी टीम मौके पर उपस्थित रही।

## कुरारा कस्बे के बाल्मीकि उपवन में लगी प्रतिमा को अराजक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त



**अमर ख्याल चमन अली**


**हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के कृषि उत्पादन मंडी समिति के सामने बने बाल्मीकि उपवन में लगी प्रतिमा को बीती रात अराजक तत्वों द्वारा क्षति ग्रस्त कर दिया गया ।जिसकी जानकारी मिलने पर सीओ सदर व एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे। वही पूर्व चेयर मैन माया बाल्मीकि ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा कुरारा के मंडी समिति के सामने महर्षि वाल्मीकि उपवन बना है। इसमें लगी प्रतिमा के पैर व हाथ को बीती रात अराजक तत्वों द्वारा क्षतिग्र स्त कर दिया गया था। सुबह जानकारी मिलने पर पूर्व चेयर मैन माया बाल्मीकि ने प्रशासन को जानकारी दी। तब एस डी एम सदर रविंद्र सिंह व सी ओ सदर राजेश कुमार कमल मौके पर पहुंचे। तथा जानकारी ली। माया बाल्मीकि ने बताया कि इसके पूर्व मुख्य द्वार को एक ट्रक ने टक्कर मारकर तोड़ दिया था। उन्होंने सदस्य निगरानी समिति भग्गू लाल बाल्मीकि उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र देकर कार्यवाही कराए जाने की मांग की है ।वही प्रशासन द्वारा क्षति ग्रस्त प्रतिमा को ठीक कराया गया है।

# पीड़ित दलित महिला ने पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप

**(मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित आला अधिकारियों से की शिकायत)**

अमर ख्याल

गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के लौव्वावीरपुर गाँव की निवासिनी दलित महिला रानी देवी पत्नी भभूती ने क्षेत्राधिकारी तरबगंज और उनके पीआरओ सहित अन्य पुलिस कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाये हैं और मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक सहित सूबे के आला अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर न्यायोचित कार्रवाई की मांग की है।मिली जानकारी के मुताबिक दलित महिला रानी देवी ने बताया कि बीते 04 दिसंबर को उसकी देवरानी पूजा पत्नी दिलीप से गांव के प्रधान पति और उनके गुर्गों ने छेड़खानी


दि० 21/01/23

सेवा में, [illegible]

विषय– फिर जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही।

महोदय,

अवगत कराना है कि 04.12.2022 को गांव के प्रधान प्रतिनिधि और उनके सहयोगियों द्वारा घर में घुसकर असलहे के बल पर मारपीट की गई घर में रखे सामान तोड़ दिये गये और मेरी देवरानी पूजा पत्नी दिलीप से छेड़छाड़ की गई थी। स्थानीय पुलिस द्वारा एक हफ्ते के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर मुकदमा तो दर्ज किया गया लेकिन अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविन्द यादव द्वारा दबाव बनाकर तहरीर बदलवाते हुये छेड़छाड़ की धारा हटवा दी गई थी।(छाया प्रति संलग्न)

दिनांक 14.12.2022 को मैंने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राज्य महिला आयोग में भी न्याय के लिए प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा को उक्त प्रकरण में धारा 161 व 164 के तहत बयान दर्ज कराते हुए संबंधित धारा का समावेश करने का आदेश भी दिया था। (छाया प्रति संलग्न)

महोदय अवगत कराना है कि अभी तक पुलिस द्वारा कोई संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। उक्त प्रकरण के विवेचक क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी द्वारा कई बार सुलह करने का दबाव भी बनाया जा चुका है। विवेचक के पी०आर०ओ० दिग्विजय सिंह कई बार आरोपी के साथ उसकी गाड़ी में घूमते मिले हैं। आरोपी और उसके सहयोगी रसूखदार, दबंग लोग हैं जिन्हें स्थानीय नेताओं और जन प्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है। उपरोक्त कारणों से मुझे विवेचक की भूमिका संदिग्ध लग रही है। मुझे भय है कि मेरे प्रकरण में विवेचना एक पक्षीय हो रही है साथ ही साक्ष्यों से छेड़छाड़ का भय भी है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रकरण को गंभीरतापूर्वक लेते हुए उचित कार्यवाही कराने की कृपा करें जिससे की मेरे प्रकरण की निष्पक्ष रूप से जांच सम्भव हो सके और मुझे और मेरे परिवार को न्याय मिल सके साथ ही मुझे सुरक्षा व्यवस्था भी मुहैया करायी जाये। विपक्षियों द्वारा घटना के बाद से ही लगातार जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है।

प्रार्थिनी
रानी देवी पत्नी भभूती
ग्राम– लौव्वावीरपुर
थाना– नवाबगंज
तहसील– तरबगंज
जिला– गोण्डा (उ०प्र०)
मो०– 9918013415

की, जिसका विरोध करने पर असलहे के बल पर घर में घुस कर परिजनों सहित पीडिता को मारा-पीटा। साथ ही घर में रखा सामान भी तोड़ दिया था। स्थानीय पुलिस पहले तो लीपापोती में जुटी रही लेकिन जनपद के उच्चाधिकारियों के आदेश पर घटना के एक हफ्ते बाद प्रधान पति जितेंद्र तिवारी सहित कुल 05 लोगों पर आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। महिला का आरोप है कि उस समय अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अरविंद यादव ने दबाव बनाकर तहरीर बदलवा दी और छेड़खानी की धारा का समावेश मुकदमे में नहीं किया गया,जिसके बाद 14 दिसंबर को रानी ने राज्य महिला आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का दरवाजा खटखटाया। जिस पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के द्वारा पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर को उक्त प्रकरण की विवेचना अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में कराने और धारा 161 और 164 का बयान दर्ज कराते हुए सुसंगत धाराओं के समावेश कराने के साथ समुचित सुरक्षा व्यवस्था पीड़िता को दिलाने हेतु पत्र भी लिखा था। पीडिता ने आरोप लगाया है उसके मुकदमे की विवेचना कर रहे क्षेत्राधिकारी तरबगंज संसार सिंह राठी के द्वारा कई बार सुलह करने का दबाव डाला गया है,साथ ही उनके पीआरओ दिग्विजय सिंह कई बार मुख्य आरोपी जितेन्द्र के साथ उसकी गाड़ी में घूमते दिखाई दिए हैं। पीड़ित दलित महिला ने उक्त प्रकरण में विवेचक की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं। पीडिता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन मंडल, प्रमुख सचिव सहित सूबे के कई आला अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर निष्पक्ष जांच कराने और सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। वहीं पीड़िता का कहना है कि घटना के बाद से ही विपक्षीगण पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# ग्राम विकास अधिकारी पर लगा वंचित व्यक्तियों से अभद्रता का आरोप।

**(पात्रों को नही मिल रहा आवास योजना का लाभ)**

अमर ख्याल

करनैलागंज (गोण्डा) वर्ष 2022 तक हर गरीब व्यक्तियों को पक्का मकान मुहैया कराने का प्रधानमंत्री का वादा हवा हवाई साबित हो रहा है। अभी भी हलधरमऊ में कई ऐसे गरीब परिवार हैं जो खुले आसमान के तले रहने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकारी अधिकारी का गरीबों पर जुल्म बदस्तूर जारी है। मामला विकास खंड हलधरमऊ के ग्राम



पंचायत खिदूरी का है जहां कई ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र देकर ग्राम विकास अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाया है। निक्कू पुत्र राममनोरथ, मायावती पत्नी अयोध्या प्रसाद, उर्मिला पत्नी सतीश, आफताब पुत्र मालिक, अनिता पत्नी पुत्तीलाल, सुदामा पुत्री राममानोरथ, आदि ने बताया कि पात्रता के आधार पर प्रधान मंत्री आवास योजना में उनका नाम स्वीकृत हुआ था। सरकारी सूची में नाम स्वीकृत होने पर गरीब परिवारों में खुशी का माहौल था।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार ने उपरोक्त पात्र व्यक्तियों का आवास अस्वीकृत कर दिया। जिसकी जानकारी होने पर उपरोक्त सभी पात्र व्यक्ति ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार के पास गए और प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित होने की गुहार लगाने लगे। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी ने उनकी एक न सुनी और उनके साथ गाली गलौज व अभद्रता करते हुए अपने कार्यालय से भगा दिया। ग्राम विकास अधिकारी की करतूतों से परेशान ग्रामीणों ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभ दिलाए जाने व ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# महिलाएं स्वालम्बी बनें तभी हो सकेगा समाज का विकास,रितु खरे

अमर ख्याल



बालपुर(गोण्डा)विकास आयुक्त हस्तशिल्प मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से वूमेन वेलफेयर फाउंडेशन बाराबंकी उत्तर प्रदेश द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन होटल जय अंबे फूड विला एंड रेस्टोरेंट बालपुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव निषाद पार्टी एवं फैशन डिजाइनर रितु खरे ने महिलाओं को स्वालम्बी बनाने का गुर बताया तथा विशिष्ट अतिथि रामजी त्रिपाठी हस्तशिल्प संवर्धन अधिकारी कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वाराणसी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। रिसोर्स पर्सन फैशन डिजाइनर रितु खरे ने को हैंड एंब्रायडरी,जरी,जरदोजी, और चिकन क्राफ्ट की नई नई डिजाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह भी बताया कि कैसे हम हर शिल्पी का स्वनिर्मित प्रोडक्ट की बिक्री करें । इस अवसर पर रामजी त्रिपाठी हस्तशिल्प अधिकारी कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वाराणसी द्वारा मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हस्तशिल्प के विकास हेतु अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और यह भी बताया कि किस तरह से हस्तशिल्पी इनका लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन वरिष्ठ अधिवक्ता एम.एस.फारूकी ने जीएसटी के बारे में व हस्तशिल्प के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन उबेद असद ने जे एम पोर्टल के बारे में हस्तियों को जागरूक किया तथा वरिष्ठ समाजसेवी तथा महिला उत्थान संस्थान के डायरेक्टर जनाब हारून सिद्दीकी द्वारा उपस्थित सभी को बताया कि इस तरह से सेमिनार में आप लोग बढ़-चढ़कर भाग ले जिसमें आप लोगों के को वस्त्र मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त हो सके और आप सभी अपने हुनर को पूरे विश्व में पहुंचाने तथा अपना और अपने देश का नाम रोशन करें ।इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद कामिल,संजय सिंह,नावेद अधिवक्ता, ईटीआई के क्लस्टर विकास अधिकारी संदीप कुमार सहायक शालिनी सिंह फैशन डिजाइनर शिवानी मिश्रा, कोऑर्डिनेटर योगेश तिवारी, पवन कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में कोविड-19 के प्रति किया गया जागरूक

अमर ख्याल



कर्नलगंज (गोण्डा) तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों व मुहल्लों में सरयू डिग्री कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एवं द्वितीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में ₹कोविड-19 के प्रति जागरूकता ₹कार्यक्रम चलाया गया।एनएसएस के इस जागरूकता कार्यक्रम में स्वयंसेवकों के दस ग्रुप बनाए गये,जिसमें सुमैया, अलका,कोमल,शिवानी,धनकुमार,काजल मौर्य,अर्चना सिंह, रुखसार,रिंकी,चांदनी को ग्रुप लीडर बनाया गया। कोविड-19 के बारे में कुम्हरगड्डी, नचनी, करुआ, शनिचरापुर आदि मुहल्लों में जाकर लोगों को जागरूक किया गया। एक उपाय मास्क लगाओ, हाथ धोओ दूरी बनाओ आदि स्लोगन से लोगों को जागरूक किया गया। द्वितीय सत्र के बौद्धिक कार्यक्रम में सामूहिक साक्षरता में युवाओं की भूमिका विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सोनिया गुप्ता ने की। उन्होंने साक्षरता में युवाओं की क्या भूमिका होनी चाहिए इस पर प्रकाश डाला।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर आरबी सिंह ने युवाओं को साक्षरता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को श्रीमती ममता सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। इस अवसर पर जगन्नाथ तिवारी,त्रिपुरारी दुबे, बृजेश सिंह,राहुल श्रीवास्तव आदि अध्यापक मौजूद रहे। डॉ० ममता मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। वहीं डॉक्टर विजय यादव ने आये हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस शिविर में रिंकी, शिवांशी, सत्येंद्र, श्वेता, रीता, काजल, सुमन, शबनूर, काजल पाण्डेय, रोहित,रोली, प्रतिभा आदि अनेकों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# भीषण सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता सहित तीन की मौत

## छ्घटना के बाद मृतकों के परिजनों में मचा कोहराम

अमर ख्याल



कटरा बाजार (गोण्डा) मंगलवार की देर रात्रि कर्नलगंज से हुजूरपुर रोड स्थित ग्राम खिंदूरी के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से अनियंत्रित कार के घुस जाने से भीषण सड़क हादसा हो गया। जिसमें वैवाहिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।मिली जानकारी के मुताबिक घटना कर्नलगंज से हुजूरपुर रोड स्थित ग्राम खिंदूरी के पास की है। मंगलवार की देर रात्रि हुजूरपुर थाना क्षेत्र के भगगड़वा बाजार निवासी पांच लोग लखनऊ में रामू सिंह के यहां आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर कार से वापस लौट रहे थे। तभी हुजूरपुर रोड स्थित खिंदूरी के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक के पीछे घुस गई। इस भीषण हादसे में अधिवक्ता राघवेन्द्र सिंह उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम अदिलपुर, देवेंद्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम चौभईया व लल्लन सिंह उम्र 37 वर्ष निवासी भगगड़वा बाजार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार पेशकार विश्वकर्मा व देवीबक्श सिंह गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पर पहुंची पहली एंबुलेंस से तीन लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दूसरी एंबुलेंस दो लोगों को इलाज के लिए बहराइच ले गई। वहीं मृतक राघवेंद्र सिंह व लल्लन सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए गोण्डा भेजा गया है। जबकि देवेंद्र सिंह का शव पोस्टमार्टम के लिए बहराइच भेजा गया है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और अन्य वैधानिक कार्यवाही चल रही है।घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# रिश्तेदारी में आये युवक का फंदे से लटका मिला शव

**बहराइच**। रिश्तेदारी में गए युवक का शव बुधवार सुबह फंदे से लटकता मिला। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रथम दृष्टया पुलिस आत्महत्या मान रही है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम एरिया निवासी पुन्नू कश्यप (40) की रिश्तेदारी थाना क्षेत्र मुन्नीलालपुरवा गांव में है। रिश्तेदारी में कुछ दिन पूर्व विवाह आयोजित हुआ था। जबकि मंगलवार को प्रीति भोज कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिए पुन्नू गांव गया था। बुधवार सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला। इस पर सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय पुलिस बल के साथ पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को पेड़ से उतरवाया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौत आत्महत्या करने से हुई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

# नेशनल साइंस-डे पर आयोजित की गयी प्रदर्शनी

**बहराइच**। शहर के पीएनएस मेमोरियल स्कूल में नेशनल साइंस-डे पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रिंसिपल कल्पना द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदर्शनी में विज्ञान भूगोल एवं इतिहास आदि विषयों के 25 टॉपिक पर मॉडल एवं प्रयोग करके बच्चों ने दिखाए, जिसमें सोलर सिस्टम डे-एंड-नाइट, वाटर साइकिल, सोलर एक्लिप्स, लेजर सिक्योरिटी, डेंसिटी ऑफ वाटर, डाइजेस्टिव सिस्टम, ग्लोबल वार्मिंग, एयर पोलूशन, वाटर हार्वेस्टिंग, प्रीहिस्ट्री आदि प्रमुख रहे। यह विज्ञान प्रदर्शनी सुबह दस बजे से चार बजे तक चली, जिसमें 271 लोगों द्वारा मॉडल को देखा और सराहा गया। विद्यालय के प्रबन्धक डा. वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में बताया कि क्रिकेट अधिकांश लोग देखते हैं। लेकिन इनाम और पहचान सिर्फ खिलाड़ी ले जाते है और दर्शक पैसा खर्च करके ताली बजाने जाते हैं। यही सम्बन्ध रटने और करके सीखने में होता है। जो रटता है उसका ज्यादा कुछ नही होता परंतु करके सीखने की आदत इंसान को असली खिलाड़ी बना देता है। विज्ञान प्रदर्शनी में अपने हुनर का प्रदर्शन करने वाले छात्र करके सीखने वाले स्टूडेंट्स होते हैं और यही बच्चे बड़े होकर असली खिलाड़ी बनते हैं। इस प्रदर्शनी का आयोजन 119 बच्चों और शिक्षकों द्वारा पिछले 15 दिनों के अथक प्रयास के बाद हो पाया। प्रतिष्ठा, सृष्टि, प्रगति, आंचल आदि शिक्षिकाओं ने प्रोजेक्ट निर्माण में गाइडेंस की भूमिका निभाई। स्टूडेंट्स में पलक सिंह, दानिश, हर्ष, प्रतीक, अभिषेक, आकाश, सूर्यांश, अंतिमा, ऋषि, रिषभ, आदित्य, आफताब, अलशिफा, सलीम, खुशबू, जीनत, पल्लवी, कृति, अर्श, शमी, सना यूकेजी, श्रुति, चाहत, वैष्णवी, शिफा, अमृता, इरम, आयुष, फरीन आदि ने विशेष कार्य किया।

# प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के पैसों में हुआ जमकर बंदरबांट

**बहराइच**। विकास खंड बलहा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदनपुर के मजरा भिनगा पुरवा में बना प्राथमिक विद्यालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। एक ओर प्रदेश सरकार ने जहां विद्यालय के कायाकल्प पर करोड़ों रुपयों का बजट खर्च कर रही है जिससे कि नन्हे मुन्ने बच्चे पढ़ लिख कर अपने पैरों पर खड़े हो सकें और देश का कोई भी बच्चा निराक्षर ना रहे गरीब मजदूरों की बच्चे भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपना सर्वाधिक योगदान देश हित में दे सकें और दुनिया भर में अपने देश भारत का नाम रोशन करे। तभी तो सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत सब पढ़े सब बढ़े मे भारत सरकार अरबों करोड़ों का बजट दे रही है किंतु उसके बावजूद भी इस प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के पैसों का संबंधितों ने जमकर बंदरबांट किया है।

बच्चों के लिए पानी पीने की जो टंकी बनाई गई वह पूर्णतया धराशाई हो चुकी है उसमें से ना पानी आ रहा है न ही टंकी सही है। नन्हे मुन्ने बच्चे इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी पीने को मजबूर हैं। वहीं विद्यालय प्रांगण में ही दस फुट का गहरा कच्चा गड्ढा खोद दिया गया है जिसमें इंडिया मार्का हैंडपंप का पानी गिरता है। जिसमें ऊपर से ना तो ढक्कन है ना ही पक्की चुनाई की गई है जो खुलेआम नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओं को मौत की दावत दे रहा है। इसके अलावा विद्यालय में बने शौचालय तथा रसोई घर के सामने काफी गंदगी का बोलबाला है जिससे छोटे-छोटे बच्चों में संक्रमण का काफी खतरा मंडरा रहा है। वहीं खोदे गए कच्चे गड्ढे में काफी मात्रा में पानी भरा हुआ है जिसमें कभी भी खेल खेल में कोई भी नन्ना मुन्ना बच्चा गिर कर डूब सकता है अथवा किसी बड़े हादसे का शिकार हो सकता है किंतु संबंधिततों का जरा भी इस पर ध्यान नहीं है।

# अजय देवगन इस साल तीन 200 करोड़ी फिल्में देने वाले अकेले स्टार, 'दृश्यम 2' ऐसी 5वीं बॉलीवुड फिल्म

एंटरटेनमेंट डेस्क. अजय देवगन स्टारर ने कमाई का शानदार सफर जारी रखते हुए वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके साथ ही यह दुनियाभर में 200 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करने वाली इस साल बॉलीवुड की पांचवीं और अजय देवगन की दूसरी बॉलीवुड फिल्म बन गई है। वैसे अगर सभी इंडियन फिल्मों की बात करें तो यह अजय देवगन की इस साल की तीसरी ऐसी फिल्म है, जिसने दुनियाभर में कमाई का 200 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है। इसके साथ अजय देवगन बॉलीवुड के एकमात्र ऐसे मेल एक्टर बन गए हैं,

# प्रधान प्रतिनिधि पर जानलेवा हमला

बहराइच। नानपारा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अहलाद गांव के प्रधान प्रतिनिधि रामस्वरूप वर्मा 47 वर्ष पुत्र पहलवान वर्मा पर 4 लोगों ने चाकुओं से जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। इसमें एक नकाबपोश व्यक्ति भी शामिल हैं। घायल अवस्था में उन्हें नानपारा के सरकारी अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां के डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रिफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 28 फरवरी से शाम लगभग 5:00 बजे प्रधान प्रतिनिधि रामस्वरूप वर्मा अपनी बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए मदरिया गांव गए हुए थे। वहां से लगभग 8:00 बजे रात को लौट रहे थे तभी अहलाद गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूर पहले मंगल बाजार के निकट 4 हथियार बन्द लोगों ने उनकी बाइक रोक लिया। और चाकूओ से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि हमलावर प्रधान प्रतिनिधि को जान से मारना चाहते थे परंतु उसी समय बारातियों गाड़ी मौके पहुंच गई। गाड़ी देखते ही हमलावर? मौके से भाग निकले। बारातियों ने घायल प्रधान प्रतिनिधि रामस्वरूप वर्मा किसी तरह को नानपारा अस्पताल पहुंचाया। यहां के डॉक्टरों ने उनकी गम्भीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रिफर कर दिया। जहां उनका इलाज चल रहा है। इस संबंध में कोतवाली नानपारा में तहरीर दी गई है। उक्त संबंध में कोतवाल नानपारा हेमंत कुमार गौड़ ने बताया की तीन लोगों के खिलाफ नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# अनियंत्रित पिकअप ने मां-बेटी को रौंदा, बेटी की हुयी मौत

**बहराइच**। थाना बौंडी के मुजही गांव में आयोजित शादी समारोह में रिश्तेदार एक परिवार में शामिल होने आए थे। बुधवार सुबह पिकअप वाहन ने शादी का सामान उतारते समय माँ और बेटी को रौंद डाला। मौके पर ही पांच वर्षीय बालिका की मौत हो गई। जबकि माँ गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बौंडी थाना क्षेत्र के बाढ़ और कटान पीड़ित लोग बंधा पर निवास करते हैं। सरकार द्वारा दी गई जमीन पर सभी नई बस्ती गांव में मकान बनाकर रहते हैं। रिश्तेदारी में शादी होने के चलते छैलू अपनी पत्नी नीता देवी और पांच साल की बेटी सोनम के साथ मुजही टेपरी गांव निवासी छैलू अपने भाई के यहां आया था। बुधवार को पिकअप वाहन से शादी का बेड उतारा जा रहा था। वहीं पर नीता देवी अपनी बेटी सोनम के साथ मौजूद थी। पिक अप चालक ने मां और बेटी को रौंद दिया। मौके पर ही बेटी की बात हो गई। जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी ले जाया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उधर हादसे की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक गण नाथ प्रसाद पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चालक और दुर्घटना ग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# राज्य जैव विविधता प्रबंध समितियों की कार्यशाला आयोजित

**बहराइच**। मोतीपुर रेंज इको परिसर में राज्य जैव विविधता प्रबंध समितियों के क्षमता विकास की कार्यशाला राज्य जैव विविधता बोर्ड के निर्देश पर वन विभाग द्वारा आयोजित की गई जिसमें बोर्ड के सलाहकार आसुबोध कुमार पंत मुख्य अतिथि रहे । इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर वन्यजीवों और पेड़ पौधों तथा परिस्थितिकी तंत्र में मौजूद सभी प्रकार के वनस्पतियों की पहचान तथा उपयोग की जानकारी संकलित करना है जिससे वहां की जैव विविधता का आकलन कर उपयोगी कदम उठाया जा सके। मुख्य अतिथि श्री पंत ने अपने संबोधन में जैव विविधता के वैज्ञानिक और आर्थिक महत्व और उसके संकलन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। ग्राम समितियों को जैवविविधता रजिस्टर तैयार करने में सहयोग करने की अपील की। कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिक डॉ केएम सिंह ने बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी के क्रियाकलापों को प्रोजेक्टर से प्रजेंटेशन के माध्यम से समझाया, उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में जाकर समितियों को जैव विविधता रजिस्टर जैवविविधता पंजिका बनाने में सहयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में पेटरहा प्रधान, योगेंद्र मौर्य, परंपरागत खेती के किसान मनीष सिंह, विकास विभाग के ग्राम विकास अधिकारी शाहिद अली, अशोक मौर्य, अर्जुन सोनकर, सलीम अहमद सहित पंचायत अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी मनोहर लाल गौड़ उपस्थित रहे। कार्यशाला में विशेष तौर पर राजस्व विभाग के उप जिला अधिकारी ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ केएम सिंह मौजूद रहे। तथा कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के वन्यजीव प्रतिपालक नम्रता पाण्डेय, उप प्रभागीय वन अधिकारी रमेश चौहान, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी तथा जंगल के समीप के गांव के प्रधान जागरूक नागरिक एवं किसान गण क्षेत्र के पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# चंद्रसेनी आर्यावर्त बैंक के कार्य से खाता धारक परेशान।

## कभी सर्वर तो कभी केवाईसी न होने का हवाला देकर खाता धारकों को किया जा रहा गुमराह

**अमर ख्याल। अंकित मिश्रा**

**सीतापुर। रेउसा क्षेत्र के अंतर्गत आर्यावर्त बैंक शाखा चंद्रसेनी की लेन देन प्रणाली काफी सुस्त होने की? वजह? से खाता धारकों को बड़ी परेशानियां उठानी पड़ रही है। पिछले एक माह में प्रधानमंत्री आवास के तहत क्षेत्र के दर्जनों गांवों में सैकड़ों लोगों को पैसा निकालना हुआ। लेकिन बैंक के सुस्त रवैया से खाता धारकों में निराशा हुई। खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। जिससे लाभार्थियों को आवास बनाने व किसानों को गन्ने की बुआई जैसे कई कार्य में देरी हो रही है। जिम्मेदार कर्मचारी अपने कर्तव्य से पल्ला झाड़ रहे हैं। ईशापुर सुतौली निवासी रामखेलावन पिछले 1, हफ्ते से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। गुरुवार को केवाइसी के लिए कागज दिया था। जब सोमवार को गये तो पैसा ना होने की बात कहकर वापस कर दिया गया। लेकिन दूसरे दिन फिर सुबह से बैठे रहे लेकिन फिर कभी केवाइसी तो कभी सर्वर ना होने का हवाला देकर खाता धारकों को किया जा रहा गुमराह। और फिर केवाईसी न होने की बात कहकर खाता धारक का विडड्रॉल फाड़ कर दे दिया। ऐसा बैंक के कर्मचारी खाता धारक संघ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।**

# बसपा की गांव चलो अभियान के तहत जॉब में बैठक संपन्न

अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा। बसपा सुप्रीमो मायावती के निर्देशन में उत्तर प्रदेश में गांव चलो अभियान जारी है इसी के तहत बहुजन समाज पार्टी द्वारा जनपद मथुरा के सेक्टर नंबर 19 छाता सेक्टर नंबर 15 जॉब (तूमौला) में बैठक की गई। जिला अध्यक्ष विवेक कुमार ने अवधनामा अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार (आरपी सिंह राठौर) से बातचीत में बताया कि बसपा पार्टी को मजबूत करने के लिए गांव गांव नुक्कड़ सभाएं की जा रही है और बसपा द्वारा किए गए कार्यो को लोगों को बताया जा रहा है कि बसपा ही सर्व समाज का भला चाहती है अन्य पार्टियों में अत्याचार की घटनाएं दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बसपा नेता गोवर्धन सिंह ने देवसेरस में हुई बैठक के दौरान बसपा पार्टी को सत्ता में लाने के लिए लोगों से वोट देने की अपील की। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय प्रताप सिंह बघेल पूर्व एमएलसी मंडल प्रभारी आगरा एंव मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विवेक कुमार, चौधरी हरिसिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रेम गौतम जिला सचिव/विधानसभा प्रभारी छाता, अध्यक्षता गिरधर सिंह विधानसभा अध्यक्ष, राजकुमार विधानसभा सचिव, दिलीप कुमार विधानसभा संयोजक, मुकेश कुमार पूर्व जिला संयोजक इश्त्र्र भगत सिंह दरोगा, गोपाल मास्टर ,रामजीत मास्टर, रोहतास, प्रेम सिंह नगर अध्यक्ष, निरंजन सिंह पूर्व जिला सचिव, सेक्टर अध्यक्ष पहलाद सिंह, बंटी चदौरी, इंदर छाता आदि लोग मौजूद रहे।

# मानव को डराने के लिये भगवान का निर्माण कर डाला - निर्देश सिंह

अमर ख्याल। राजेश कुमार

मथुरा। देश में बढ़ते आडंबर पाखंड को खत्म करने के लिए समाज सेविका निर्देश सिंह ने बड़ा कदम उठाया है खास करके महिलाओं में परिवर्तन लाने भरसक प्रयास कर रही हैं ऐसे में उनका कहना है कि लोगो ने व्यापार बढ़ाने के लिये खिलौने, खाद्य सामग्री, मशीनों के पार्ट, बर्तन, कपड़े, अनेको प्रकार की चीजो का निमार्ण करके मानव जीवन सरल किया, लेकिन ब्राह्मण ने इस तरह के किसी भी निर्माण में श्रम नही किया, जो मानव जीवन में काम आए, बल्कि



मानव को डराने के लिये भगवान का निर्माण कर डाला और बिना मेहनत के खाने का रास्ता निकाल लिया। जब सारे लोग मेहनत से खाते हैं। तो पण्डित उनको खुद से छोटा क्यों बताते हैं मेहनत करने वाला छोटा कैसे हुआ. अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार आरपी सिंह राठौर से फोन वार्ता में बताया कि हम किसी व्यक्ति के खिलाफ नही हैं हम सिस्टम के खिलाफ हैं। जो ऊंच नीच जातियों की बात करता है। जो उस सिस्टम में मजे लूटते हैं वह लोग हमारे खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं उनके बहकावे में आने की जरूरत नही है। आपका भला किसमे है आपके बच्चों के अधिकार महिलाओं का सम्मान रोजगार शिक्षा की लड़ाई जो लड़ता है उनका साथ दो समाज को मजबूती भी तभी मिलेगी।

# जवाहरपुर शुगर मिल इकाई प्रमुख टी.एन. सिंह ने आधा दर्जन ई-रिक्शा जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर(ब्यूरो)। डालमिया भारत शुगर एण्ड इंडस्ट्रीज लि० जवाहरपुर इकाई में बसंतकालीन गन्ना बुवाई में बुवाई की नयी विधियों तथा प्रजातियों के प्रोत्साहन तथा मार्गदर्शन के लिए उप अधिशाषी निदेशक टी.एन. सिंह तथा गन्ना महाप्रबंधक आशीष बंसल द्वारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान विभिन्न खेतों में जा कर किसानों और चीनी मिल कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर उप अधिशाषी निदेशक ने किसानों को गन्ने की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया और गन्ना की बुवाई ट्रैंच या रिंग पिट विधि से करने के लिए बताया, साथ साथ गन्ने की नयी विकसित प्रजातियों की बुवाई का क्षेत्रफल बढाने के बारे में जोर देते हुए सिफारिश भी की। वही ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से जवाहरपुर शुगर मिल इकाई प्रमुख टी.एन. सिंह ने आधा दर्जन ई-रिक्शा जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जो तकरीबन 650 गांवों में पहुंच कर किसानों को जागरूक करने का कार्य करेंगे। ई-रिक्शा से गांव गांव भ्रमण कर पम्पलेट बांटकर व गोष्ठियां कर के नई प्रजाति के गन्ने की बुवाई विधि के बारे में किसानों को विस्तार से बता कर जागरूक करेंगे।

# मथुरा में भीम आर्मी का धरना प्रदर्शन

राजेश कुमार अमर ख्याल

मथुरा। भीम आर्मी चीफ व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के आह्वान पर बड़े स्तर पर जिला मुख्यालय मथुरा पर आंदोलन करने जा रही है मिली जानकारी के मुताबिक 2 मार्च को उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के साथ लीगल सेल महिला मोर्चा युवा मोर्चा ये सभी मिलकर धरना प्रदर्शन के साथ ज्ञापन सौंपा जाएगा। यूपी के सभी जिलों में 2 मार्च को करने जा रही है इसकी जानकारी आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ ने फोन वार्ता कर अमर ख्याल संवाददाता राजेश कुमार ( आरपी सिंह राठौर ) को दी है दरअसल बता दें 16 फरवरी को कुछ असामाजिक तत्वों ने नासिर



एवं जुनैद दोनों सगे भाइयों को राजस्थान के भरतपुर जिले से ले जाकर हरियाणा के भिवानी जिले में बुरी तरीके से मारा-पीटा और जब इन दोनों भाइयों की मृत्यु हो गई तब इन दोनों को बोलेरो गाड़ी में बैठा कर आग लगाकर सबूत नष्ट करने का प्रयास किया इस दिल दहलाने वाली घटना से पूरे देश के लोगों में भय व्याप्त हुआ आज भी लोग इस घटना को याद करके दुखी होते हैं ऐसे में गंभीर सवाल उठता कि अभी तक राजस्थान और हरियाणा सरकार इस घटना के दोषियों को ना तो गिरफ्तार कर पाई और ना ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा दे पाई और ना ही उचित मुआवजा दिया ऐसी स्थिति में दोनों राज्यों की सरकारों पर दबाव बनाने के लिए आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन पत्र देने का आंदोलन? किया जाएगा। इस आंदोलन में प्रदेश स्तर के जॉन स्तर के मंडल स्तर के जिला स्तर के विधानसभा स्तर के नगर स्तर के पदाधिकारियों शामिल होंगे।

# पेहर पुलिस चौकी बना शिक्षा का माध्यम पाठशाला लगा कर पुलिस देते हैं छात्रों को शिक्षा

## पेहर पुलिस बने शिक्षक क्षेत्र के बच्चों में खुशी की लहर

अमर ख्याल

बलरामपुर। जहां खाकी को देखकर लोगों में डर बना रहता है वही जनपद बलरामपुर के थाना रेहरा के अंतर्गत पेहर पुलिस चौकी में तैनात चौकी इंचार्ज शमशाद अली पेहर क्षेत्र के गरीब बच्चों को पुलिस चौकी में ही बड़े लगन के साथ शिक्षा देते हैं। चौकी इंचार्ज शमशाद अली ने बताया हमारा लक्ष्य है जहां भी रहूं बच्चों को शिक्षित बनाता रहूं। शिक्षा वह अनमोल रतन है जो भी प्राप्त करता है भविष्य में कभी असफल नहीं हो सकता उन्होंने बताया हर



दिन लगभग 60 से 70 बच्चे चौकी पहुंच कर शिक्षा ग्रहण करते हैं साथ ही चैकी इंचार्ज शमशाद अली ने बताया शिक्षा के प्रति बच्चों एवं अभिभावकों को भी जागरूक करने का काम कर रही है पेहर पुलिस।पेहर पुलिस चौकी इंचार्ज शमशाद अली ने बताया इस तरह का कार्य करने से मन को बहुत शांति मिलती है पुलिस का जीवन बहुत व्यस्त होता है फिर भी किसी तरह समय निकाल कर पाठशाला लगाकर बच्चों को निशुल्क शिक्षा देने में पेहर पुलिस चौकी पूरे स्टाफ का सहयोग रहता है। चौकी इंचार्ज शमशाद अली का पूर्व में भी सराहनीय कार्य रहा है।कांस्टेबल विवेक सिंह ने बताया जीवन में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो कहीं से भी कार्य शुरू किया जा सकता है पेहर पुलिस चौकी में तैनाती के पश्चात बच्चों के बीच बैठकर इस तरह से उन्हें पढ़ाना बहुत ही अच्छा लगता है।इस कार्य को देखते हुए पूरे क्षेत्र में पेहर पुलिस की प्रशंसा हो रही है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण की बैठक संपन्न

अमर ख्याल चमन अली

हमीरपुर 01 मार्च आपदाओं के न्यूनीकरण हेतु जनपद स्तरीय आपदा प्रबंध योजना तैयार किए जाने एवं लू प्रकोप , सूखा आदि से बचाव हेतु विभागों द्वारा पूर्व से की जाने वाली आवश्यक तैयारियों के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिलाधिकारी डॉ चंद्र भूषण की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित आपदा /भीषण गर्मी, लू आदि से बचाव हेतु सभी विभाग अपनी कार्ययोजना बनाकर तत्काल उपलब्ध करा दें। कहा कि आपदा संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार



की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जनपद में जो भी नलकूप क्रियाशील नहीं है ,उनकी मरम्मत कराकर क्रियाशील किया जाए । पेयजल योजनाओं को छोटी मोटी कमियों को दुरुस्त कर उनको पूर्ण क्षमता पर क्रियाशील कर लिया जाए । पूर्ति विभाग द्वारा रिक्त दुकानों का व्यवस्थापन कर लिया जाए । सभी संबंधित विभागों द्वारा टैंकर आदि की मरम्मत करा लिया जाए तथा जरूरत पड़ने पर पेयजल आपूर्ति में इनका प्रयोग किया जाए । कहा कि जहां पर भी पूर्व में पेयजल की समस्या उत्पन्न हुई है वहां पर प्राथमिकता के साथ पेयजल समस्या को दूर किया जाए। सभी हैंडपंप व ट्यूबवेल आदि को दुरुस्त करा लिया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू ,हीटवेव से बचाव की एडवाइजरी जारी कर दी जाए। स्कूलों में इसके संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र छात्राओं को इसके प्रति जागरूक किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी नगर निकाय या ग्रामीण क्षेत्र , बाजार, हॉट, भीड़भाड़ वाले स्थान या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कहीं पर भी पेयजल की समस्या नहीं उत्पन्न होने चाहिए ,इस पर विशेष ध्यान दिया जाए, ऐसे स्थलों पर प्याऊ की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए । ज्ञात हो कि जनपद में पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या पर पेयजल कंट्रोल रूम नंबर 05282-221196 पर शिकायत दर्ज करा जा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि लू/ हीटवेव से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि आपदा से निपटने के लिए कर्मचारियों को आपदा पूर्व ,आपदा के समय एवं आपदा पश्चात तीनों चरणों के प्रशिक्षण दिए जाए। कहा कि भीषण गर्मी/ लू से बचाव हेतु अन्ना पशु आश्रय स्थलो में भूसा पानी छाया आदि सभी प्रकार की व्यवस्था कर ली जाए। तालाबों को समय-समय पर जरूरत के अनुसार भरवाया जाए। इस दौरान डीडीओ विकास , एडीएम वित्त एवं राजस्व रमेश चंद्र, एसडीएम मौदहा राजेश मिश्रा, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश,समस्त तहसीलदार ,जिला विद्यालय निरीक्षक , नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध शस्त्र सहित अभियुक्त गिरफ्तार



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी सीतापुर।** जनपद मे पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त जितेन्द्र वर्मा पुत्र स्व0 रामपाल निवासी शेखूपूर थाना कोतवाली देहात सीतापुर को 01 अदद तंमचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 70/23 धारा 25( 1-इ) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त जितेन्द्र उपरोक्त का चालान मा0 न्याया0 किया गया है ।

अभियुक्त का नामः- जितेन्द्र वर्मा पुत्र स्व0 रामपाल निवासी शेखूपूर थाना कोतवाली देहात सीतापुर। पंजीकृत अभियोगः- मु0अ0सं0 70/23 धारा 25( 1-इ) आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात सीतापुर। बरामदगीः- 01 अदद अवैध तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद। **पुलिस टीमः झ**

**1.उ0नि0 विशम्भर दयाल सिंह**

**2.का0 विनीत कुमार**

# बेलीथारा गांव के खेत तथा चीनी मिल कालोनी के कई मकान जलमग्न हो गए

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद के हरगांव थाना क्षेत्र में देर रात माइनर कटने से फसले जलमग्न हो गयी इस पानी के चलते बेलीथारा गांव के खेत तथा चीनी मिल कालोनी के कई मकान जलमग्न हो गए जिससे लोगों का घरेलू एवं फसल सामान बर्बाद हो गयी और लोगों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। नहर विभाग माइनर को दुरुस्त कराने का काम युद्धस्तर पर चलाये हुए है। मामला हरगांव थाना इलाके का है यहां क्षेत्र से निकले खैराबाद माइनर पर कस्बे में स्थित सीएचसी के पास एक पुलिया का निर्माण हो रहा है पुलिया के पास ही आवागमन के लिए अस्थाई पुलिया बनाई गयी है जिसमें पानी कम मात्रा में निकल पाता है मंगलवार रात्रि अचानक



नहर में पानी बढ़ गया जिससे आवागमन के लिए बने पुल के पास रात्रि साढ़े चार बजे नहर कट गई और शुगर मिल की कालोनी में पानी भर गया। पानी भरने से कॉलोनी के अविनाश विश्वकर्मा, दिनेश प्रताप सिंह, विजय सिंह, चितरंजन सिंह, जितेन्द्र, त्रिलोकी विश्वकर्मा, सोबरन वर्मा सहित कई लोगों के मकानों में पानी भर गया और घरों में रखा हुआ कीमती सामान भीगकर खराब हो गया कालोनीवासियों ने मिल प्रबंधतंत्र को सूचना दी जिस पर मिल के अधिशासी उपाध्यक्ष शूरवीर सिंह नें जेसीबी मंगवाकर साढ़े छः बजे पानी बंद करवाया। इस संबध में नहर विभाग के अवर अभियंता शिवप्रताप यादव का कहना हेड से चार गेट खुलवाए गये थे रात्रि में किसानों ने शरारत करते हुए एक अतिरिक्त गेट खोल दिया,जिससे पानी अधिक आ गया और नहर कट गई कटान वाली जगह को तत्काल पाट दिया गया है तथा एक गेट भी बंद करा दिया गया

# नेशनल गर्ल्स कॉलेज के नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों ने वंचेतना का दौरा

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर के नेशनल गर्ल्स कॉलेज के नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों ने सीतापुर वंचेतना का दौरा कर पिकनिक का आनंद उठाया बच्चों ने शिक्षकों के साथ झूले, रोज गार्डन, हाथी, पानी में नाव चला कर आनंद उठाया पार्क में बच्चों को विभिन्न जानवरों की जानकारी दी गई। इसके अलावा छात्रों ने कबड्डी, मैच, खोखो, का भी आनन्द लिया पार्क गार्डन के विभिन्न प्रकार के गुलाब देख बच्चों के चेहरे खिल उठे इस बीच प्रबंधक सलाहुद्दीन अंसारी भी इन बच्चों के साथ रहे उन्होंने कहा कि बचपन के खेल अब मोबाइल फोन ने खा लिए है खेल बच्चों की मूल



प्रवृत्ति है, खेल एक प्राकृतिक गतिविधि है और खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास का स्रोत है बच्चों को उनका बचपन ढंग से जीने देना चाहिए क्योंकि बचपन ही अच्छे व्यक्तित्व का आधार है पढ़ाई में सख्त मेहनत के साथ मनोरंजन और खेले भी बेहद जरूरी है उन्होंने बच्चों को हमेशा खुश रहने,

क्रोध से दूर रहने, पौष्टिक भोजन के गुण समझाए साथ ही साथ स्कूल की प्रिंसीपल ने बच्चो को बताया कि स्कूल पिकनिक सदैव ही रोमांचित करता है ये वो समय होता है जो हमारी स्मृतियों में हमेशा ताजा रहता है स्कूल के दोस्त ही सच्चे दोस्त होते है, उनके साथ बिताये एक-एक पल बहुत याद आते हैं और चेहरे पर खुशी बिखेर देते हैं स्कूल पिकनिक हमें जितना मजा और आनंद देता है, उसे शब्दों में कह पाना मुश्किल है।

# बार एसोसिएशन लहरपुर के तत्वधान में आज बुधवार को एक शोक सभा का आयोजन



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**लहरपुर (सीतापुर)** बार एसोसिएशन लहरपुर के तत्वधान में आज बुधवार को एक शोक सभा का आयोजन, बार सभागार में एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र पांडे की अध्यक्षता में किया गया। शोक सभा में उपस्थित अधिवक्ताओं ने दिवंगत अधिवक्ता राम रतन मिश्र की पुण्यात्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा के सम्मान के लिए आज न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहरलाल मिश्रा, प्रमोद बाजपेई, देवेंद्र पांडेय ,जेड आर रहमानी , लक्ष्मी नारायण बाजपेई, श्रवण जयसवाल , रामधन गुप्ता , दिनेश श्रीवास्तव, श्रीकांत सिंह ,राजीव मिश्रा , राजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रशांत मिश्रा, हरिनाम सिंह, सुमन देवी, रिंकी भारती, कृपा शंकर पांडेय, श्रीनिवास भार्गव सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर आई गंभीर चोटें



**अमर ख्याल । विपिन तिवारी**

**लहरपुर सीतापुर- ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाइक चालक घायल, प्राप्त जानकारी के अनुसार लहरपुर थाना क्षेत्र के भदफर चौराहे पर ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार चालक भदफर निवासी अमित मिश्रा घायल हो गए, हालांकि निकट चौकी होने की वजह से मौके पर तत्काल पुलिस पहुंच गई जिसमें चौकी प्रभारी जीवन चंद जोशी ने घायल अमित को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा इलाज हेतु भिजवाया, और वही ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।**

# राज्यपाल 3 मार्च को मथुरा में



अमर ख्याल। राजेश कुमार

**मथुरा । उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ संवर्धन संस्थान के 12 वे दीक्षांत समारोह मैं भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के राज्यपाल महामहिम आनंदीबेन पटेल मथुरा पधार रही हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान के कुलपति प्रोफेसर एके श्रीवास्तव ने बताया प्रदेश की राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल विश्वविद्यालय के 12वी दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए 3 मार्च को मथुरा आ रहे हैं महामहिम का दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी तथा प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को और विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी करेंगी।**

# रामपुर एसपी द्वारा शाहबाद सर्कल के नए क्षेत्रअधिकारी कार्यालय का रीबन काटकर किया गया उद्घाटन



**अमर ख़्याल। राहुल कुमार**

**रामपुर।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक, अशोक कुमार द्वारा नये बने सर्कल शाहबाद सर्कल के कार्यालय का रीबन काटकर उद्घाटन किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी शाहबाद कीर्ती निधि आनन्द सहित जनपद के सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे ।

# बरसाना: लठामार होली का हुआ आयोजन, हुरियारिनों ने हुरियारों पर जमकर भांजे लट्ठ

अमर ख्याल राजेश कुमार



मथुरा। बृजमंडल में रंगों के त्योहार होली पर्व का उल्लास चरम पर है। इसी क्रम में बरसाना की मशहूर लठामार होली के मौके पर मंगलवार को अबीर गुलाल रंग से सराबोर रंगीली गलियों में बरसाने की हुरियारिनों ने नंदगांव से आए मदमस्त हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसायीं। इससे पूर्व हुरियारों ने प्रिया कुंड पर पहले जमकर रबडी व केसरयुक्त भांग ठंडाई वगैरह छानी उसके बाद बरसाना के लोगों ने सभी का स्वागत सत्कार करने के बाद पर्वत पर स्थित लाडली जी मंदिर परिसर में दर्शन व रंग, अबीर, गुलाल भेंट कर होली की शुरूआत की गई। इस दौरान शासन के निर्देश पर हेलीकॉप्टर से मंदिर प्रांगण के ऊपर पुष्वर्षा भी की गई। इसके बाद नीचे गलियों में शुरू हुई लठामार होली का देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं व पर्यटकों ने जमकर आनन्द लिया। लोग मकानों की छतों व गलियों किनारे खड़े होकर हुरियारिनों व हुरियारों समेत एक-दूसरे पर रंग गुलाल बरसाते दिखे। वहीं, भारी संख्या में उमड़ी भीड़ के बावजूद किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होने से जिला पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। बता दें कि इस बार आईजी आगरा के निर्देशन में मथुरा जिला प्रशासन द्वारा बरसाने की लठामार होली का उल्लास एवं शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर एवं जोन वाइज करीब 2,750 पुलिसकर्मियों के साथ साथ विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। वहीं, बरसाने में लठामार होली महोत्सव के बाद बुधवार को नंदगांव में भी लठामार होली का आयोजन किया गया। बता दें कि बृज में होली खेलने के बाद फगुवा (उपहार) देने का चलन है। बताया जाता है कि द्वापर में जब भगवान श्रीकृष्ण अपने बाल सखाओं के साथ बरसाने में होली खेलने के बाद बिना कोई फगुवा दिए लौट आए थे तो बरसाने के सभी गोप-गोपियों ने बैठक कर फगुवा लेने के लिए बरसाने से नंदगांव जाने का फैसला किया था जिसके बाद से ही बरसाना लठामार होली के अगले दिन ही नन्दगाँव में भी लठामार होली मनाने का चलन चलता आ रहा है। वहीं, होली सम्पन्न होने के बाद डीएम मथुरा पुलकित खरे ने ट्वीट किया, 'शांतिपूर्वक व सफलतापूर्वक संपन्न हुआ विश्व प्रसिद्ध बरसाना की लठामार होली। रंगो से रंग गई रंगीली चौक। लठामार होली पर आनंद से झूम उठे हुरियारे जब हुरियारिनों ने चलाई लट्ठ। होली के रंग में सराबोर हुआ बरसाना'।

## दोस्तों ने युवक को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर डंडे बरसाए लोगों ने बचाई जान

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

**रामकोट सीतापुर।** में शराब पिलाने को लेकर दोस्तों के बीच विवाद हो गया विवाद इस कदर बढ़ा कि एक दोस्त ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरे दोस्त को शराब के नशे में धुत होकर बेरहमी से मारा पीटा दोस्तों के बीच कॉलोनी के अंदर हुई इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की छानबीन शुरू कर दी है पुलिस का कहना है कि अभी किसी भी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं मिली है। मामला रामकोट थाना इलाके का है यहां स्थित काशीराम कॉलोनी में दोस्तों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है मिली जानकारी के मुताबिक मोहल्ला काजियारा निवासी निहाल अपने दोस्तों से मिलने के लिए काशीराम कॉलोनी आया था घटनाक्रम के अनुसार निहाल के दोस्त पहले से ही शराब के नशे में थे और निहाल से शराब पिलाने की बात कह रहे थे लेकिन निहाल ने पैसे ना होने की बात कहकर शराब पिलाने से इंकार कर दिया इसी बात को लेकर दोस्तों के बीच विवाद शुरू हो गया। इस विवाद ने इस कदर तूल पकड़ा की शराब के नशे में धुत दोस्त निहाल को भी सड़क की बेरहमी से मारने पीटने लगे इस दौरान कॉलोनी में मौजूद अन्य लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वहीं कुछ लोगों ने मामले का बीच बचाओ करा कर सभी को मौके से भगा दिया दोस्तों के बीच हुई इस मारपीट पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर हुई है लेकिन पुलिस को इस मामले की भनक तक नहीं लगी पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जांच पड़ताल की जा रही है।

## खाद्य विभाग की टीम ने की छापेमारी होली के त्यौहार पर मिलावटखोरों के खिलाफ एक्शन

अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। जनपद सीतापुर में होली का त्यौहार नजदीक आते ही मिलावटखोरों की मिलावट पर लगाम लगाने के लिए खाद्य विभाग की टीम मुस्तैद रहती है और लगातार होटल रेस्टोरेंट सहित मंडियों में छापेमारी कर खाद्य पदार्थों की जांच पड़ताल भी करती है इसी कड़ी में आज खाद्य विभाग की 6 सदस्य टीम ने शहर की खोया मंडी में अचानक छापेमारी करते हुए कई दुकानदारों के खोवे के नमूने एकत्र किए हैं इस छापेमारी के दौरान कई दुकानदार मौके से मिलावटी खोया लेकर भागने में भी सफल हुए हैं खाद्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है छापेमारी के दौरान तकरीबन 20 किलो नकली खोया बरामद किया गया है। मामला शहर कोतवाली इलाके के मुख्य बाजार का है यह सप्ताह के प्रत्येक बुधवार और शनिवार को खोया मंडी सजती है होली के त्यौहार के नजदीक आते ही इस खोया मंडी पर आज खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी की है इस छापेमारी के दौरान मिलावट खोर दुकानदार अपना मावा और तराजू छोड़कर मौके से भाग खड़े हुए हैं वही इस टीम ने मंडी में अन्य दुकानदारों के खोए के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं। सहायक आयुक्त खाद अभय कुमार सिंह का कहना है कि छापेमारी के दौरान तकरीबन 20 किलो नकली खोए को बरामद किया गया है जिसे टीम की निगरानी में ही नष्ट करने की प्रक्रिया की गई है। उन्होंने बताया कि इस टीम ने तकरीबन 2 सैंपल लिए हैं,जिन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है और जांच रिपोर्ट आते ही वैधानिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी उन्होंने बताया कि होली के त्यौहार के चलते या छापेमारी की गई है और लगातार टीम भ्रमण सील है और मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है।

# मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन, तहसीलदार ने कर दी 54 बीघे सरकारी बंजर भूमि एकही परिवार के नाम

## एसडीएम ने आराजी पर नाम चढ़ाने की अपील पर आरोपियों के विरुद्ध 5 माह पूर्व मुकदमा खारिज किया था।

मिजार्मुराद। राजातालाब तहसील के जोगियापुर ग्राम पंचायत में स्थित 54 बीघे(32एकड़)बंजर भूमि एकही परिवार के 5 सदस्यों के नाम कर दिए जाने की सूचना से गांव में खलबली मच गई।भोरखुर्द गांव निवासी लक्ष्मीशंकर पाण्डेय ने बुधवार को राजातालाब तशीलदार के समक्ष प्रर्थनापत्र दे भूल सुधार की अपील की।जानकारी के अनुसार सेवापुरी ब्लाक के जोगियापुर ग्राम सभा के रेबनो गांव भोरखुर्द,विरापुर, किनापुर, जोगियापुर,चकअटरूवा गांव की बंजर खाते की नवीनपरती, जंगल आदि की 32 एकड़ भूमि पर भोरखुर्द गांव निवासी रमाशंकर ने अपनी पत्नी इसरावती देबी समेत तीन पुत्रो राज शंकर,जय शंकर व शनि शंकर का नाम तहशीलदार को एक विविध प्रर्थनापत्र प्रस्तुत कर 8 फरवरी 2022 को खतौनी के बंजर खाते में स्वामित्व नाम दर्ज करने का कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर आदेश पारित करा खतौनी में नाम चढ़वा लिया।जबकि उक्त आराजी पर नाम दर्ज करने के बावत दाखिल मुकदमे को उपजिलाधिकारी राजातालाब ने तथ्यहीन करार दे 4 जून 2022 को खारिज किया था।रमाशंकर ने हाईकोर्ट प्रयागराज में रिटयाचिका 2719 सन 1984 में दाखिल की उसका निर्णय अभी तक हुआ नही।बड़ी अदालत में वाद प्रस्तुतकर जिला अदालतों में मुकदमा चलाकर उच्चन्यायालय के गरिमा के साथ खिलवाड़ किया।इधर बीच तहसील कर्मियों से मिलीभगतकर गांवसमाज की 54 बीघे भूमि अपने व अपने परिवार के सदस्यों का नाम करा लिया। इस बावत तहसीलदार सतीश कुमार वर्मा ने धोखे से आदेश कराने की बात स्वीकार की। उपजिलाधिकारी राजातालाब गिरीश कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में आ चुका है।गुनाहगारों को बक्सा नही जाएगा। पूरे षड्यंत्र की जांच कराई जाएगी।

## नि:शुक्क मोतियाबिन्द कैम्प आज

मिजार्मुराद। मिजार्मुराद गौर गांव स्थित पंचायत भवन पर गुरुवार की सुबह 10 बजे शाम 5 बजे तक इंद्रा हॉस्पिटल कंपोनेट ब्लड बैंक व वेलफेयर ट्रस्ट अखरी द्वारा संचालित नि:शुल्क मोतियाबिंद का जांच व ऑपरेशन किया जाएगा।ये जानकारी ग्राम प्रधान गौर विजय कुमार गुप्ता 'डब्लू' ने दिया।

## चार के खिलाफ गाली गलौज समेत धमकी का मुकदमा दर्ज

मिजार्मुराद। क्षेत्र के ठठरा गांव निवासी शीतला प्रसाद ने मंगलवार की रात थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बिहड़ा गांव में मेरी जमीन है जिसपर विपक्षी ठठरा गांव निवासी पारस, लाला, कैलाश व विजय कुमार जबरजस्ती निर्माण करवा रहे है जब में मना करने लगा तो विपक्षीगण द्वारा मुझे गाली गलौज देते हुए मारने की धमकी दी जा रही है।जिसपर मंगलवार की देर रात पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ गाली गलौज व धमकी का मुकदमा दर्ज करते पुलिस जांच में जुट गई।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान 62 जोड़ों ने एक साथ जीने मरने की कसमें

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान 62 जोड़ों ने एक साथ जीने मरने की कसमें

### मुस्लिम समुदाय के 3 जोड़ों का हुआ निकाह





**रोहनिया-** आराजी लाइन ब्लॉक मुख्यालय पर एडीओ समाज कल्याण प्रमोद कुमार पटेल की देखरेख में मंगलवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के दौरान वैदिक ब्राह्मण द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत 62 जोड़े की सामूहिक शादी संपन्न करायी गयी। जिसमें मुस्लिम समुदाय के 3 जोड़े का मौलाना द्वारा निकाह कराया गया। सामूहिक विवाह के दौरान वर-वधूओ को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख नगीना पटेल व प्रतिनिधि डॉ महेंद्र सिंह पटेल द्वारा पायल, बिछिया, मोबाइल, साड़ी, कपड़ा, बर्तन,सीलिंग पंखा उपहार के रूप में भेंट करते हुए सभी नव दंपतियों को प्रमाण पत्र वितरित कर पुष्प वर्षा के साथ उनके जीवन सुखमय के लिए आशीर्वाद दिया। सामूहिक विवाह के दौरान वर पक्ष तथा कन्या पक्ष से आए हुए सभी बारातियों को भोजन व्यवस्था कराया गया। एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार पटेल ने बताया कि सभी नवविवाहित कन्याओं के खाते में 35 हजार रुपया एक सप्ताह बाद भेज दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य रुप से संजीव सिंह, रामशरण यादव, धर्मेंद्र यादव, शिवपूजन सिंह, नीरज चौबे,जगनारायण पटेल,इमरान खान, अनिल कुमार पटेल जिला क्षेत्र पंचायत जिला अध्यक्ष,संजय यादव, मनोज कुमार वर्मा, साबिर अंसारी, जीवराम विश्वकर्मा,अजीत कुमार सहित ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य गण उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता, समाजसेवीओ व युवा मंच ने चयनित दरोगा का किया सम्मान

### मंजिल उन्ही को मिलती है जिनके सपनो में जान होती है ,पँखो से कुछ नही होता हौसलों से उड़ान होती है





**रोहनिया।** वाराणसी जिले के सेवापुरी विधानसभा के असवारी गांव निवासी चंद कन्नौजिया के छोटे बेटे अतुल कन्नौजिया का चयन एसआई के रूप में हुआ जिसमें उनको पीएसी में प्लाटून कमांडर की जिम्मेदारी मिली है।

जैसे ही उनकी नियुक्ति पत्र घर पहुची पूरे गाँव व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी।चंद कन्नौजिया परिवार के जीवकोपार्जन के लिए मुंबई में ऑटो चलाते है साथ ही उनके भाई गांव के ही पास में कपडे स्त्री करने का कार्य करते है ,एक साधारण परिवार से असाधारण प्रतिभा का निकलना निश्चित रूप से प्रेरणादायक है।भाजपा नेता व समाज सेवी नीरज पाण्डेय नि.जिला संयोजक कळ भाजपा व युवा मंच के राहुल यादव, कोमल सिंह, ओमप्रकाश पटेल, अजय यादव, साजन विश्वकर्मा सहित क्षेत्र के तमाम सम्मानितजनो ने अतुल को माला पहनाकर सम्मानित किया व लोगों में मिष्ठान वितरण कर खुशियां बाटी। इस अवसर भाजपा नेता नीरज पाण्डेय ने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अतुल की ये उपलब्धि निश्चित रूप से गांव के युवाओं को प्रेरित करेगी औ? उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही जल्द गाँव मे एकदिवसीय परीक्षा की तैयारी के लिये कार्यक्रम शुरू करने की भी पहल की।

## मोहनसराय ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानो के प्रतिनिधि मंडल संग प्रशासन का बीडीए सभागार मे हुई वार्ता


### भू अर्जन एवं पुनर्वास कानून 2013 के तहत वैधानिक प्रक्रिया अपनाने पर बनी सहमति

### प्रशासन और ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से पीड़ित किसानो की विकास प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार मे हुई वार्ता

**वाराणसी/रोहनिया।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता मे जिले के प्रशासनिक महकमा और ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानो के हक अधिकार के लिये संघर्षरत मोहनसराय किसान संघर्ष समिति के संरक्षक विनय शंकर राय नेतृत्व मे किसानो की वार्ता विकास प्राधिकरण स्थित सभागार मे दोपहर 1 बजे से तीन बजे तक चली। जिसमे सर्वसम्मत से निर्णय हुआ कि भू अर्जन एवं पुनर्वास कानून 2023 का पालन किसान करेगा, अगर वाराणासी विकास प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन सहित सरकार भू अर्जन एवं पुनर्वास कानून 2013 के तहत प्रक्रिया की बात सरकार और प्रशासन करेगा तो किसान विकास मे बाधक नही बनेगा लेकिन किसानो को जैसे पूर्ववर्ती सरकारे एवं प्रशासन धोखा की साजिश करेगा तो किसान अब आर-पार की लड़ाई लड़ने हेतु कृत संकल्प ले चुका है। किसानो ने एक स्वर से विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं सचिव से धरातल पर स्थिति का मुआयना करने का आग्रह किया, ट्रान्सपोर्ट नगर योजना से प्रभावित किसानो ने भूमि अर्जन एवं पुनर्वास कानून 2013 का पालन करने का एक स्वर से प्रतिबद्धता दिखायी और मांग किये कि प्रशासन और सरकार भी उक्त कानून का पालन करे, किसानो ने कहा कि हम विकास मे बाधक नही बनाना चाहते है लेकिन प्रशासन और शासन को भी कानून के तहत ही कोई प्रक्रिया अपनानी होगी। भूमि अर्जन कानून 2013 कहता है कि योजना रद्द हो तो योजना रद्द करिये ,भूमि अर्जन कानून कहता है कि भौतिक कब्जा वर्तमान सर्किल दर या उच्च दर से वर्तमान बिक्री हुई जमीन का चार गुना मुआवजा देकर ही कब्जा लेना है तो चार गुना मुआवजा दीजिये साथ ही पुनर्वास हेतु मकान, पंपिगसेट, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, पेड़ इत्यादि का कानून के अनुसार प्रतिकर देना है तो सबका कानूनततः मुआवजा निर्धारण करते हुये

## कम्पोजिट विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने मचाया धमाल

रोहनिया। आराजी लाइन विकासखंड क्षेत्र के बुड़ापुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान संजय यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलन कर किया। तथा स्कूल के बच्चों द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके अलावा मोहनसराय स्थित कम्पोजिट विद्यालय मे प्रधानाध्यापिका ज्योत्सना सिंह की उपस्थिति में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह कार्यक्रम में स्कूल के बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा विज्ञान प्रदर्शनी लगाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एआरपी बृजेश तिवारी , प्रधानाध्यापक धीरज सिंह,सहायक अध्यापक रामजीत सिंह , सुभाषचंद्र , श्यामलाल, सीमा देवी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।



*2023 एटीपी मैक्सिकन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष सिंगल के पहले राउंड का मैच जीतने के बाद सेलिब्रेट करते इटली के मैटियो बेरेट्टिनी।*

# कुहनेमैन और ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई



**एजेंसी ■ इंदौर**

बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन ने अपने दूसरे ही टेस्ट में पांच विकेट चटकाए और फिर सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अर्धशतक जड़ा जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन बुधवार को यहां पहली पारी में चार विकेट पर 156 रन के साथ भारत पर 47 रन की बढ़त बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। स्पिन की अनुकूल पिच पर कुहनेमैन (16 रन पर पांच विकेट) और अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (35 रन पर तीन विकेट) ने भारत को 33.2 ओवर में 109 रन पर समेट दिया। भारत के लिए विराट कोहली 52 गेंद में 22 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल की जगह टीम में शामिल शुभमन गिल ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने इसके जवाब में ख्वाजा (60) और मार्नस लाबुशेन (31) के बीच दूसरे विकेट की 96 रन की साझेदारी से मैच में अपनी स्थिति मजबूत रखी। यह ऑस्ट्रेलिया की ओर से श्रृंखला की सबसे बड़ी साझेदारी है। दिन का खेल खत्म होने पर पीटर हैंड्सकॉम्ब सात जबकि कैमरन ग्रीन छह रन बनाकर खेल रहे थे। भारत ने उम्मीद के मुताबिक गेंदबाजी की शुरुआत रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा (63 रन पर चार विकेट) की स्पिन जोड़ी से कराई। जडेजा ने पारी के दूसरे ओवर में ही ट्रेविस हेड (09) को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। लाबुशेन भी इसके बाद जडेजा की गेंद को विकेटों पर खेल गए लेकिन यह नोबॉल हो गई। लाबुशेन ने इस जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और ख्वाजा के साथ मिलकर चाय तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 71 रन तक पहुंचाया। लाबुशेन अश्विन के पारी के 11वें ओवर में भाग्यशाली रहे जब पगबाधा की विश्वसनीय अपील पर भारत ने डीआरएस नहीं लिया और रीप्ले में दिखा कि गेंद विकेटों से टकराती। चाय के बाद भी भारत को सफलता के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। ख्वाजा ने 30वें ओवर में अश्विन की गेंद पर एक रन के साथ 102 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में ऑस्ट्रेलिया के रनों का शतक भी पूरा हुआ। जडेजा ने 108 रन के स्कोर पर नीची रहती गेंद पर लाबुशेन को बोल्ड करके भारत को दूसरी सफलता दिलाई। ख्वाजा भी इसके बाद जडेजा की गेंद को स्वीप करने की कोशिश में मिडविकेट पर गिल को कैच दे बैठे। उन्होंने 147 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे। कप्तान स्टीव स्मिथ ने 38 गेंद में 26 रन की पारी के दौरान कुछ आकर्षक शॉट खेले लेकिन जडेजा की गेंद पर विकेटकीपर भरत को कैच दे बैठे। हैंड्सकॉम्ब और ग्रीन ने हालांकि इसके बाद ऑस्ट्रेलिया को और झटके नहीं लगने दिए।

## एंडरसन को पछाड़कर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने अश्विन

**दुबई।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बुधवार को इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन को पछाड़कर नवीनतम आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंच गए। नई दिल्ली में दूसरे टेस्ट में भारत की जीत के दौरान छह विकेट चटकाने वाले अश्विन को दो स्थान का फायदा हुआ है। वेलिंगटन टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड की हार के बाद एंडरसन दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। छत्तीस साल के अश्विन टेस्ट गेंदबाजों के बीच पहली बार 2015 में शीर्ष पर पहुंचे थे। इसके बाद वह कई बार शीर्ष पर जगह बना चुके हैं। अश्विन ने दिल्ली में भारत की जीत के दौरान पहली पारी में मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को एक ही ओवर में आउट करने के बाद एलेक्स कैरी को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा था। इस ऑफ स्पिनर ने दूसरी पारी में शीर्ष पांच में से तीन विकेट चटकाए थे जबकि उनके स्पिन जोड़ीदार रविंद्र जडेजा ने दूसरे छोर से ऑस्ट्रेलिया के बाकी बल्लेबाजों को आउट किया था। अश्विन के पास घरेलू सरजमीं पर बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी बचे दो मैच में और बेहतर प्रदर्शन करके शीर्ष पर लंबे समय तक बने रहने का मौका होगा। पिछले तीन हफ्ते में अश्विन तीसरे गेंदबाज हैं जो टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं। पिछली बार एंडरसन ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। कमिंस नवीनतम रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। अश्विन के 864 रेटिंग अंक हैं जो एंडरसन से पांच अधिक हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने वाले जडेजा भी गेंदबाजी रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। जडेजा और अश्विन टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में पहले दो स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जो रूट ऑलराउंडर की सूची में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर हैं। वेलिंगटन में फॉर्म में वापसी करते हुए रूट ट्रेविस हैड और बाबर आजम को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।



## एक नजर

### फ्रांस के फुटबॉल अध्यक्ष ने इस्तीफा दिया

**पेरिस।** फ्रांस फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष नोएल लि ग्रेट ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया क्योंकि सरकार के ऑडिट में पता चला कि महिलाओं के प्रति उनके व्यवहार और प्रबंधन शैली के कारण उन्हें संस्था का नेतृत्व करने का वैधानिक अधिकार नहीं है। लि ग्रेट को कथित यौन और नैतिक उत्पीड़न के लिए न्यायिक जांच का सामना करना पड़ रहा है। यह 81 साल का प्रशासक ऑडिट के निष्कर्ष की महासंघ की कार्यकारी समिति द्वारा समीक्षा तक पहले ही महासंघ के कामकाज की अपनी दैनिक जिम्मेदारी के निर्वहन से पीछे हट गया था। महासंघ के बयान के अनुसार उन्होंने मंगलवार को कार्यकारी समिति की बैठक में अपना इस्तीफा सौंपा। बयान के अनुसार जून 2023 तक महासंघ के उपाध्यक्ष फिलिप डियालो अंतरिम आधार पर लि ग्रेट की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### एशिया की सबसे लंबी साइकिल कश्मीर से शुरू

**श्रीनगर।** एशिया की सबसे लंबी साइकिल दौड़ बुधवार को यहां शुरू हुई जब एक महिला सहित 29 साइकिल चालक अपनी तरह की पहली 3655 किलोमीटर की दौड़ के लिए रवाना हुए। अल्ट्रा साइकिलिंग परियोजना के निदेशक जितेंद्र नायक ने यहां पीटीआई से कहा, पहले भी लोग कश्मीर से कन्याकुमारी तक साइकिल चलाते रहे हैं लेकिन यह न केवल भारत में बल्कि एशिया में अपनी तरह की पहली दौड़ है जो 3655 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। नायक ने कहा कि रेस को विश्व अल्ट्रासाइकिलिंग संघ (डब्ल्यूयूसीए) ने एशियाई अल्ट्रासाइकिलिंग चैंपियनशिप का दर्जा दिया है। उन्होंने कहा, इस दौड़ को पूरा करने वाले साइकिल चालक स्वतः ही विश्व प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लेंगे। आयोजकों ने साइकिल चालकों के दौड़ पूरी करने के लिए 12 से 14 दिन का समय निर्धारित किया है तो वहीं अधिकांश प्रतिभागियों ने नौ से 11 दिन में दौड़ पूरी करने का लक्ष्य रखा है। प्रतिभागियों में विशेष रूप से सक्षम साइकिलिस्ट गीता राव भी हैं, जो एकमात्र महिला प्रतियोगी भी हैं।

### फोडेन के दो गोल से ब्रिस्टल सिटी को हराकर मैनचेस्टर सिटी एफए कप क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** फिल फोडेन के दो गोल से मैनचेस्टर सिटी ने मंगलवार को यहां दूसरे टीयर की टीम ब्रिस्टल सिटी को 3-0 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फोडेन ने सातवें और 74वें मिनट में गोल दागे जबकि मैनचेस्टर सिटी की ओर से एक अन्य गोल केविन डि ब्रून ने 81वें मिनट में किया। मैनचेस्टर सिटी ने पिछली बार 2019 में एफए कप का खिताब जीता था। अब तय हो गया है कि कम से कम एक गैर प्रीमियर लीग टीम एफए कप के अंतिम आठ में खेलेगी।

## शॉर्ट न्यूज



### बिस्माह ने पाकिस्तान महिला टीम की कप्तानी छोड़ी

**लाहौर।** बिस्माह मरूफ ने छह साल तक पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद इस पद से हटने का फैसला किया है। बतौर कप्तान बिस्माह का अंतिम टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में हुआ आईसीसी महिला टी20 विश्व कप था जिसमें टीम चार ग्रुप मैचों में से तीन गंवाकर सेमीफाइनल तक पहुंचने में असफल रही थी। टीम को रोमाचंक ग्रुप मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से भी हार मिली थी। बिस्माह अभी तक महिला टीम के साथ 124 वनडे और 132 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी हैं जिसमें से उन्होंने 34 वनडे (16 जीत) और 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय (27 जीत) में टीम की अगुआई की। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि हालांकि बतौर खिलाड़ी वह चयन के लिए उपलब्ध रहेंगी। बिस्माह को सितंबर 2017 में पाकिस्तान की सभी प्रारूपों की महिला टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था और पीसीबी न कहा कि उनकी जगह कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी की घोषणा आने वाले समय में की जाएगी। बिस्माह ने कहा, अपने देश की कप्तानी करना मेरे लिए सम्मान की बात रही और मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने इतनी शानदार और कड़ी मेहनत करने वाली क्रिकेटरों की अगुआई की। यह शानदार सफर रहा जो उतार चढ़ाव से भरा रहा। लेकिन आखिर में मैं यह मौका दिए जाने के लिए अल्लाह की शुक्रगुजार हूं।

### आईटीएफ महिला ओपन में हिस्सा लेंगी फ्रुहविर्तोवा और शीर्ष भारतीय खिलाड़ी



**बेंगलुरू।** ऑस्ट्रेलिया ओपन के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली और शीर्ष 250 में शामिल सबसे युवा खिलाड़ी 15 साल की ब्रेंडा फ्रुहविर्तोवा छह मार्च से यहां शुरू हो रहे आईटीएफ महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट में स्थानीय दावेदारों अंकिता रैना और करमन कौर थंडी के साथ आकर्षण का केंद्र होंगी। फ्रुहविर्तोवा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के इतिहास में पांचवीं सबसे युवा क्वालीफायर बनी थी। चेक गणराज्य की यह खिलाड़ी दुनिया की 54वें नंबर की खिलाड़ी लिंडा की छोटी बहन हैं। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस स्टेडियम (केएसएलटीए) में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया की 241वें नंबर की खिलाड़ी अंकिता और 267वें नंबर की खिलाड़ी करमन भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी जापान की मिसाकी डोई, फ्रांस की अमेंडिन हेसे और यूनान की वेलेंटिनी ग्रेमातिकोपोलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अन्य अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। क्वालीफाइंग मुकाबले पांच और छह मार्च को खेले जाएंगे जबकि मुख्य ड्रॉ के मुकाबले सात मार्च से शुरू होंगे।

## प्रतिबंध

### त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या पर चार साल का प्रतिबंध, अपील के लिए 21 दिन का समय

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारत की शीर्ष त्रिकूद खिलाड़ी ऐश्वर्या बाबू को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल ने प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के इस्तेमाल पर चार साल के लिए प्रतिबंधित किया है। पच्चीस साल की ऐश्वर्या को धाविका एस धनलक्ष्मी के साथ 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर कर दिया गया था क्योंकि ए स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाए गए थे जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल था। नाडा के अपील पैनल से 13 फरवरी को प्रतिबंध का नोटिस मिलने के बाद ऐश्वर्या के पास प्रतिबंध के खिलाफ अपील करने के लिए छह मार्च तक का समय है। ऐश्वर्या पिछले साल 13 और 14 जून को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप के दौरान ओस्टेरिन के लिए पॉजिटिव पाई गई थी जो एक सिलेक्टिव एंड्रोजेन रिसेप्टर मोडुलेटर (एसआरएएम) है। ऐश्वर्या ने चैंपियनशिप में 14.14 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ त्रिकूद में स्वर्ण पदक जीता था। ऐश्वर्या को पिछले साल जुलाई में अस्थाई रूप से प्रतिबंधित किया गया था। नाडा ने कहा है कि ऐश्वर्या ने एनाबॉलिक स्टेरॉयड का इस्तेमाल किया जो वाडा की 2022 की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। एजेंसी ने कहा कि खिलाड़ी ने इसके इस्तेमाल के लिए उपचार के लिए छूट नहीं ली थी। ऐश्वर्या ने अपने जवाब में कहा था कि उन्होंने प्रदर्शन में सुधार के लिए कोई प्रतिबंधित पदार्थ नहीं लिया। इस खिलाड़ी ने कहा कि फरवरी 2021 में जिम में भार उठाते हुए उन्हें चोट लगी थी और उनका कंधा खिसक गया था। उन्होंने उपचार कराया और इस चोट से उबर गईं। ऐश्वर्या ने कहा कि राष्ट्रीय अंतर राज्यीय चैंपियनशिप से पहले उन्होंने कड़ी मेहनत की जिससे उन्हें उसी स्थान (कंधे) पर दोबारा परेशानी का सामना करना पड़ा। इतने ही जज्बे के साथ ट्रेनिंग की स्थिति में चोट के दोबारा उभरने के डर से ऐश्वर्या ने इस मुद्दे पर अपने साथी जगदीश के साथ चर्चा की जो स्वयं भी एक एथलीट हैं। जगदीश ने उन्हें ओस्टेरिन दवा खाने का सुझाव दिया और दावा किया कि यह पूरी तरह सुरक्षित है और दर्द से छुटकारा दिलाने तथा मांसपेशियों को ठीक करने में मदद करेगा।

### डब्ल्यूपीएल में शीर्ष क्रिकेटरों से सीखना चाहती हैं अमेरिकी खिलाड़ी नौरिस



**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

अमेरिका की तेज गेंदबाज तारा नौरिस एसोसिएट देश से शुरूआती महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में हिस्सा लेने वाली एकमात्र क्रिकेटर हैं और वह मुंबई में इस महीने के अंत में शुरू होने वाली इस टी20 प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से खेल के बारे में और अधिक जानकारी हासिल करने के लिए उत्साहित हैं। नौरिस ने पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने चार विकेट हासिल किए हैं। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले महीने हुई नीलामी में 10 लाख रूपए में खरीदा था। फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में नौरिस ने कहा, इसमें कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और भाग्यशाली हूं कि मुझे उनमें से कुछ के साथ ट्रेनिंग करने का मौका मिलेगा और उम्मीद करती हूं कि उनमें से कुछेक के साथ खेलूंगी भी। मैं ज्यादा से ज्यादा सीखने की कोशिश करूंगी। उन्होंने कहा, साथ ही मैं पहले कभी भारत नहीं आई हूं। मुझे यहां परिस्थितियों और मौसम के बारे में भी सीखने को मिलेगा। नौरिस ने कहा कि वह डब्ल्यूपीएल में अपने प्रदर्शन से एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहेंगी। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से सभी एसोसिएट देशों को गौरवान्वित करना चाहती हूं। मैं इन सभी खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।

## आईपीएल

डुप्लेसी ने आरसीबी के पोडकास्ट में कप्तानी पर चर्चा की

### धोनी प्रभावशाली कप्तान व सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकार : फाफ

**एजेंसी ■ बेंगलुरू**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने उन्हें एक नेतृत्वकर्ता के रूप में परिपक्व होने में मदद की। उन्होंने साथ ही पूर्व भारतीय कप्तान को सर्वश्रेष्ठ रणनीतिकारों में से एक करार दिया। डुप्लेसी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स का दो बार 2011 से 2015 और फिर 2018 से 2021 तक हिस्सा रहे। वह पिछले सत्र में कप्तान के रूप में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से जुड़े। डुप्लेसी ने कहा कि जब उन्होंने महसूस किया कि वह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ या धोनी जैसे कप्तान नहीं बन सकते तो उन्होंने खुद जैसा बनने का फैसला किया। डुप्लेसी ने आरसीबी के पोडकास्ट में कहा, मुझे लगता है कि मेरे लिए (उनके करियर के दौरान) जो वास्तव में अच्छा था, वह यह पता चलना था कि मैं एक कप्तान के रूप में ग्रीम स्मिथ नहीं बनने जा रहा हूं, मैं एक कप्तान के रूप में स्टीफन फ्लेमिंग नहीं बनने जा रहा हूं, मैं कप्तान के रूप में महेंद्र सिंह धोनी नहीं बनने जा रहा। उन्होंने कहा, एक व्यक्ति के रूप में मैं जो हूं उसके प्रति सच्चा होने के लिए, मुझे मेरे जैसा होने की आवश्यकता है। क्योंकि यदि आप अपने जैसे नहीं हैं, तो लोग इस पर निशाना साधेंगे, शायद तब नहीं जब आप अच्छा कर रहे हों लेकिन निश्चित रूप से तब जब आप दबाव में होंगे या उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर रहे होंगे। डुप्लेसी ने कहा कि सीएसके के साथ अपने पदार्पण सत्र के दौरान वह न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और चेन्नई टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग के साथ काफी समय बिताते थे और बस कप्तानी को लेकर उनके दिमाग को पढ़ने की कोशिश करते थे और नेतृत्वक्षमता की बारीकियों को आत्मसात करने का प्रयास करते थे। उन्होंने कहा, मेरे पास हमेशा दिग्गज नेतृत्वकर्ताओं से सीखने का यह दृष्टिकोण था, यह (नेतृत्व) हमेशा कुछ ऐसा था जिसके बारे में मैं रोमांचित था। जब मैं शुरू में दक्षिण अफ्रीकी की टीम में आया था तो ग्रीम स्मिथ कप्तान थे। मैं ऐसा था, वाह, यह आदमी जब बोलता है तो उसकी एक अद्भुत उपस्थिति होती है और वह बोलते हुए कमरे में हावी हो जाता है। डुप्लेसी ने कहा, अपने करियर की शुरुआत में ही मुझे चेन्नई (सीएसके) जाने का मौका मिला। स्टीफन फ्लेमिंग खेल के महान नेतृत्वकर्ताओं में से एक हैं।



### विश्व कप 1958 में 13 गोल करने वाले जस्ट फॉनटेन का निधन

**एजेंसी ■ पेरिस**



विश्व कप 1958 में रिकार्ड 13 गोल करने वाले फ्रांस के महान फुटबाल खिलाड़ी जस्ट फॉनटेन का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। फॉनटेन के पूर्व क्लब रिम्स ने बुधवार को उनके निधन की घोषणा की। फॉनटेन स्वीडन में 1958 में खेले गए विश्व कप में छह मैचों में 13 गोल करके किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्हें तब आखिरी समय में फ्रांसीसी टीम में शामिल किया गया था। मोरक्को में जन्में फॉनटेन को तब बहुत कम लोग जानते थे लेकिन विश्व कप के बाद प्रत्एक फुटबॉल प्रेमी की जुबान पर उनका नाम था। उन्होंने तब तीसरे स्थान के मैच में पश्चिम जर्मनी के खिलाफ चार गोल दागे थे। विश्व कप करियर में सबसे अधिक 16 गोल करने का रिकॉर्ड जर्मनी के स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज के नाम है, जिन्होंने चार टूर्नामेंट खेले। फॉनटेन केवल एक विश्व कप में खेले। उन्होंने हंगरी के स्ट्राइकर सांडोर कोक्सिस के 1954 में बनाए गए 11 गोल के रिकॉर्ड को तोड़ा था। फॉनटेन के कुल 213 मैचों में 200 गोल किए। उन्होंने फ्रांस के लिए 21 मैचों में 30 गोल किए।

जागरुकता

# रेस्पिरेटरी सिंकिटियल वायरस लाखों जानें लेता है, जल्द आ सकती है वैक्सीन

**आरएसवी एक संक्रामक वायरस है जो वयस्कों और बच्चों दोनों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। जब कोई व्यक्ति खांसता या छींकता है, या दूषित सतहों को छूने के बाद अपनी नाक या आंखों को छूता है तो यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमण आमतौर पर सर्दियों में बढ़ जाता है, जिससे नाक बहना, छींक आना, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और खांसी जैसे लक्षण पैदा होते हैं। वयस्कों और बच्चों को आरएसवी और इसकी जटिलताओं के साथ अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है, जिसमें निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस शामिल हैं।**

आपने रेस्पिरेटरी सिंकिटियल वायरस या आरएसवी के बारे में नहीं सुना होगा। लेकिन यह 2019 में 100,000 से अधिक वैश्विक मौतों का कारण बना, जिससे यह एक वर्ष से कम उम्र के बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन गया। ऑस्ट्रेलिया में, शुक्र है कि इससे बच्चों की मृत्यु दुर्लभ है। लेकिन संक्रमण हर साल हजारों लोगों को अस्पताल भेजता है, खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों को। तो बच्चों के लिए यह वायरस बहुत बड़ी समस्या है। और लगभग 60 वर्षों के शोध के बावजूद इसे रोकने के लिए कोई लाइसेंस प्राप्त टीके नहीं हैं।

यह हालात जल्द ही बदल सकते हैं। हाल ही में फाइजर, मॉडर्ना और जीएसके के आरएसवी टीकों के अंतिम-चरण के नैदानिक परीक्षणों के परिणाम आए हैं। अमेरिका में विनियामक अनुमोदन के लिए इन टीकों का मूल्यांकन किया जा रहा है (या शीघ्र ही होगा)।

**आरएसवी क्या है?**

आरएसवी एक संक्रामक वायरस है जो वयस्कों और बच्चों दोनों में श्वसन संक्रमण का कारण बनता है। जब कोई व्यक्ति खांसता या छींकता है, या दूषित सतहों को छूने के बाद अपनी नाक या आंखों को छूता है तो यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलता है। संक्रमण आमतौर पर सर्दियों में बढ़ जाता है, जिससे नाक बहना, छींक आना, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और खांसी जैसे लक्षण पैदा होते हैं। वयस्कों और बच्चों को आरएसवी और इसकी जटिलताओं के साथ अस्पताल में भर्ती कराया जा सकता है, जिसमें निमोनिया और ब्रोंकियोलाइटिस शामिल हैं।

**नई प्रौद्योगिकियां, नई आशा**

वायरस और नई वैक्सीन तकनीकों के बारे में हम जो जानते हैं, उसमें प्रगति का मतलब है कि शोधकर्ता अब आरएसवी वैक्सीन की संभावना के बारे में अधिक आशावादी हैं। दस साल पहले, वैज्ञानिकों ने आरएसवी वायरल प्रोटीन की संरचना की पहचान की, जिसका उपयोग यह मानव मेजबान कोशिकाओं को जोड़ने और उनमें प्रवेश करने के लिए करता है। इसने वैज्ञानिकों को रणनीतियों को बदलने और प्रोटीन-आधारित आरएसवी टीके विकसित करने में मदद दी। प्रोटीन-आधारित टीकों में लक्षित वायरस से एक शुद्ध प्रोटीन इंजेक्ट करना शामिल होता है जो प्रतिरक्षा कोशिकाओं को उत्तेजित करता है। इस तकनीक का उपयोग कई मौजूदा टीकों में किया




जाता है, जैसे कि हेपेटाइटिस बी और पर्टुसिस (काली खांसी)। लेकिन यह प्रोटीन-आधारित टीकों के लिए आसान नहीं रहा है। 2019 में, नोवावैक्स ने अपनी प्रोटोटाइप प्रोटीन-आधारित आरएसवी वैक्सीन (आरईएक्स वैक्स) की घोषणा की, जो उन माताओं से पैदा हुए शिशुओं में चिकित्सकीय रूप से महत्वपूर्ण आरएसवी को रोकने में विफल रहे, जिन्हें बाद के नैदानिक परीक्षण के भाग के रूप में टीका दिया गया था। हालांकि टीके को सुरक्षित बताया गया और यह शिशुओं को अस्पताल में भर्ती सहित गंभीर आरएसवी से सुरक्षित रखने के रूप में दिखाया गया था, टीका अभी तक बाजार में नहीं आया है, और आगे के नैदानिक परीक्षण जारी हैं।

**जीएसके टीके**

जीएसके ने अपने दो आरएसवी टीकों के लिए प्रोटीन आधारित तकनीक का इस्तेमाल किया है। इनमें पहले (आरएसवीप्रीएफ3 ओए के रूप में जाना जाता है) के 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों में अंतिम चरण के नैदानिक परीक्षणों में अच्छे परिणाम मिले हैं, हाल के सप्ताहों में प्रकाशित डेटा के साथ यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) वैक्सीन की समीक्षा कर रहा है, जिसके नतीजे मई में आने की उम्मीद है। जीएसके की एक और आरएसवी वैक्सीन (जीएसके3888550ए, आरएसवीप्रीएफ3) एक अलग तरीका अपना रहा है। इसके पीछे विचार गर्भवती महिलाओं के अजन्मे बच्चे को प्रतिरक्षा प्रदान करने के लिए उनका टीकाकरण करना है। 18-49 वर्ष की आयु की स्वस्थ गर्भवती महिलाओं में बाद के चरण के परीक्षणों के परिणाम 2024 में आने के लिए तैयार हैं। गैर-गर्भवती महिलाओं में पहले के अध्ययनों से पता चला है कि टीका शरीर ने अच्छी तरह से सहन किया गया था और इसने एक अच्छी प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय किया था।

**फाइजर वैक्सीन**

फाइजर भी प्रोटीन आधारित आरएसवी वैक्सीन (आरएसवीपीआरईएफ) बना रहा है, लेकिन इस बार यह बाइवेलेंट वैक्सीन है। इसमें दो प्रकार के आरएसवी - आरएसवी ए और बी के खिलाफ प्रतिरक्षा सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोटीन होता है। फिर से, विचार यह है कि गर्भवती महिलाओं को गर्भ में अपने बच्चों को प्रतिरक्षित करने के लिए टीका लगाया जाए। नवंबर 2022 में, फाइजर ने अपने अंतिम चरण के क्लिनिकल परीक्षण के अंतरिम परिणामों की घोषणा की, जिसमें टीकाकृत गर्भवती महिलाओं के शिशुओं (एक से 90 दिन की उम्र) में गंभीर बीमारी से बचाने में 81.8 प्रतिशत प्रभावकारिता दिखाई गई। समय के साथ, वह प्रतिरक्षा कम हो गई। अंतिम नैदानिक परीक्षण के परिणाम अब किसी भी दिन आने की उम्मीद है, और टीके को प्राथमिकता समीक्षा के लिए एफडीए को प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसका परिणाम अगस्त में आने की उम्मीद है।

**द मॉडर्ना वैक्सीन**

मॉडर्ना अपनी भावी आरएसवी वैक्सीन (जिसे एमआरएनए-1345 कहा जाता है) के लिए एमआरएनए तकनीक का उपयोग कर रहा है। यह अपने कोविड एमआरएनए टीकों के समान तकनीक का उपयोग करता है। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में बाद के नैदानिक परीक्षणों में इसका परीक्षण किया गया है। कंपनी ने इस साल की शुरुआत में घोषणा की थी कि टीका ज्यादातर अच्छी तरह से सहन किया गया था और इसकी प्रभावकारिता 83.7 प्रतिशत थी। कंपनी 2023 की पहली छमाही में इसे एफडीए को पूर्ण रूप से प्रस्तुत करने के लिए तैयार है।

**आगे कई बाधाएं**

जैनसेन से एक अन्य टीका, एक अलग प्रकार की तकनीक (एडेनोवायरस वेक्टर तकनीक) का उपयोग करता है, और नैदानिक परीक्षणों के माध्यम से अन्य लोगों की तरह उन्नत नहीं है। लेकिन इसने वयस्कों में अभी तक आशाजनक प्रारंभिक परिणाम दिखाए हैं। और वह सभी आरएसवी टीकों के बारे में एक ध्यान देने योग्य बिंदु है। उनका केवल वयस्कों में परीक्षण किया गया है। सबसे अधिक प्रभाव के लिए, टीकों का मूल्यांकन छोटे बच्चों और शिशुओं में भी किया जाना चाहिए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक बार अपनी मां से प्रतिरक्षा खो देने के बाद बच्चे को किस उम्र में आरएसवी के खिलाफ टीका लगाया जाना चाहिए? जबकि हम आरएसवी टीकों की प्रतीक्षा कर रहे हैं, इस वायरल बीमारी के प्रसार को धीमा करने का सबसे अच्छा तरीका वे उपाय हैं जिनके हम कोविड के दौरान अभ्यस्त हो गए हैं। यदि आपको या आपके बच्चों को आरएसवी है, तो सुनिश्चित करें कि आपने मास्क पहना है, अपने हाथ धोएं और दूसरों से दूरी बनाए रखें।

द कन्वरसेशन

---

निदान की पर्ची

# गुर्दे के 10 से 15 प्रतिशत ही काम कर पाने पर होती है डायलिसिस की जरूरत : डॉ. झा

## चोट और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और ल्यूपस जैसी बीमारियों के कारण होती है किडनी की बीमारी

जब किडनी काम करना बंद कर देती है, तो अपशिष्ट पदार्थ और विषाक्त पदार्थ रक्तप्रवाह में जमा हो जाते हैं। ऐसे में डायलिसिस आपके गुर्दे का काम करता है और रक्त से अपशिष्ट उत्पादों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को हटाकर लोगों को सामान्य स्वस्थ जीवन जीने की अनुमति देता है। हालांकि, जीवन कुछ जीवनशैली और आहार प्रतिबंधों के समावेश के साथ बदल जाता है। यह कहना है धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार नेफ्रोलॉजिस्ट एलके झा का। डॉ. झा ने बताया कि डायलिसिस उन लोगों के लिए आवश्यक हो सकता है जिनके गुर्दे की विफलता है या



अंत-चरण गुर्दे की बीमारी (ईएसआरडी) से पीड़ित हैं। किडनी की बीमारी चोटों और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और ल्यूपस जैसी बीमारियों के कारण होती है। वे कुछ लोगों में बिना किसी स्पष्ट कारण के भी हो सकते हैं। गुर्दे की विफलता एक पुरानी विकार हो सकती है जिसके परिणामस्वरूप गंभीर बीमारी या क्षति हो सकती है। इस समय, गुर्दे अपने सामान्य कार्य का लगभग 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत काम करते हैं। जिंदा रहने के लिए आपको डायलिसिस या गुर्दा प्रत्यारोपण की जरूरत पड़ सकती है। प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा करते समय, कुछ लोग डायलिसिस से गुजरते हैं। उन्होंने बताया कि डायलिसिस के दो प्रकार हैं पहला हेमोडायलिसिस, हेमोडायलिसिस एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शरीर से रक्त को निकालना, इसे अपोहक (कृत्रिम गुर्दा) के माध्यम से छानना और फिर साफ रक्त को शरीर में वापस लाना शामिल है। किसी भी अस्पताल या डायलिसिस सेंटर में इस प्रक्रिया में सप्ताह में तीन बार 3-4 घंटे लग सकते हैं। होम हेमोडायलिसिस भी एक विकल्प है। प्रत्येक सत्र में कम घंटों के लिए प्रति सप्ताह चार से सात बार घरेलू उपचार की आवश्यकता हो सकती है। व्यक्ति रात को सोते समय घर पर हीमोडायलिसिस करवा सकता है। वहीं, दूसरा प्रकार पेरिटोनियल डायलिसिस है, पेरिटोनियल डायलिसिस एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पेरिटोनियल डायलिसिस (पीडी) कैथेटर को पेट में प्रत्यारोपित किया जाता है। पेरिटोनियम, पेट में एक झिल्ली, रक्त को कैथेटर से फिल्टर करता है। डायलीसेट, एक विशेष तरल पदार्थ, उपचार के दौरान पेरिटोनियम में इंजेक्ट किया जाता है। डायलीसेट द्वारा अपशिष्ट एकत्र किया जाता है और अपशिष्ट पेट से निकाला जाता है। इस प्रक्रिया को पूरा होने में कुछ घंटे लगते हैं और इसे प्रति दिन चार से छह बार करने की आवश्यकता होती है। दूसरी ओर, द्रव विनिमय, सोते या जागते समय किया जा सकता है। पेरिटोनियल डायलिसिस विभिन्न रूपों में उपलब्ध है।



निदान

## नाभि से इलाज

प्रगति मैदान में 25 फरवरी से शुरू हुए नक्षत्र 2023 में इस बार हर्बल और आयुर्वेद उत्पादों को भी जगह दी गई है। कुछ साल पहले ही हर्बल बाजार में उतरने वाली एमैक्स कंज्यूमर हेल्थ केयर के स्टॉल पर लोगों की खासी भीड़ देखी जा सकती है। जहां असाध्य बीमारियों का समाधान कैमिकल फ्री उत्पादों के माध्यम से जानने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है।

वर्ष 2018 में एमैक्स कंज्यूमर हेल्थ केयर ने हर्बल बाजार में कदम रखा, पांच साल के बेहद कम समय में अपने उत्पादों के जरिए लोगों के दिल में जगह बना ली है। इसके सर्वेसर्वा अमरजीत सिंह ने बताया कि मां के घरेलू नुस्खे को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने के जूनन में एफएमसीजी कंपनी की शुरूआत हुई, दरअसल एक सड़क हादसे के दौरान अमरजीत को बुरी तरह लिंगामेंट इंजरी हुई जो दवाओं से ठीक ही नहीं हो रही थी, काफी प्रयास के बाद जब चिकित्सकों ने सर्जरी की बात कहीं तो सोचा गया कि सर्जरी से पहले कुछ नया प्रयोग किया जाएं, बस फिर क्या था अमरजीत ने मां के घर पर छोटी मोटी मोच के लिए तैयार किए जाने वाले आयुर्वेदिक तेल को अपनी चोट पर अजमाया और इसने कमाल कर दिया। परिवार में पहले से ही नाना जी वैद्य रहे थे, तो फार्मुलेशन उनके घर ही उपलब्ध थे बस उसका व्यवसायीकरण करना था।

वर्ष 2018 की शुरूआत के बाद हर साल कंपनी की झोली में नित नये उत्पाद शामिल होते गए, जोड़ों की चिकनाहट और नसों का संकुचन दूर करने के लिए कार्टिटोल, बीपी, शुगर थॉयरॉयड, कोलेस्टॉल आदि के लिए इमोटॉल, नाक के संक्रमण के लिए नेज़िटॉल सहित काफी बेहतरीन उत्पाद के माध्यम से कंपनी निरंतर आगे बढ़ रही है।

### नाभि से करते हैं इलाज

अमरजीत एक इंटरप्रयोनर के साथ ही नाड़ी विशेषज्ञ भी हैं, इनकी कंपनी के प्रमुख उत्पादों का प्रयोग नाभि के माध्यम से किया जाता है। इसपर अमरजीत कहते हैं कि नाभि हमारे शरीर का केन्द्र बिंदु हैं लक्ष्मण जी जब मूर्छित हुए थे तो हनुमान जी द्वारा लाई गई औषधि को नाभि में ही डाला गया था, इसी तरह रावण के प्राण भी नाभि में तीर लगने से गए। वर्षो से हमने शरीर के इस अहम हिस्से को नजरअंदाज कर रखा था, हमारी कंपनी के सघन शोध के बाद तैयार हर्बल उत्पाद में कार्टिटॉल और इमोटॉल को नाभि में सोते समय दो बूंद डाला जाता है जहां से हमारे श्वेत रक्त कणिकाएं जुड़ती है, इस प्रक्रिया के माध्यम के टॉक्सिन को निकाल कर प्राकृतिक रूप से रिकवरी की प्रक्रिया को अपनाया जाता है। सुश्रुत संहिता में भी नाभि के महत्व के बारे में बताया गया है।

---

बीमारी/इलाज

## दुनिया का सबसे बड़ा एड्रीनल ट्यूमर निकाला

मैक्स साकेत के डॉक्टरों ने 51 वर्षीय व्यक्ति में से दुनिया का सबसे बड़ा एड्रीनल ट्यूमर निकाला। इस मरीज़ के पेट में दायीं ओर तरबूज के आकार का और बाईं ओर फुटबॉल के आकार का ट्यूमर हो गया था। यह किसी मरीज़ से निकाला गया अब तक का सबसे बड़ा एड्रीनल ट्यूमर है। ट्यूमर इतना विशालकाय था कि मरीज़ का पेट बाहर की तरफ़ बहुत ज़्यादा फूल गया था और इसके आस-पास के अंग भी भीतर की ओर दब रहे थे। दायीं ओर के ट्यूमर का आकार 20 ग 20 सेंटीमीटर एवं वज़न 4.5 किलो था। इसी तरह बायीं ओर के ट्यूमर का आकार 12बाय10 सेंटीमीटर और वज़न 1 किलो था। ये ट्यूमर पेट के ऊपरी हिस्से में किडनी के ऊपर की तरफ़ थे, जहां एड्रीनल ग्लैंड होती है। 51 वर्षीय मरीज़ बिवाश चन्द्र तिवारी को 2-2.5 महीनों से कब्ज़, भूख न लगना की शिकायत थी, उनका पेट बहुत अधिक फूल गया था। उन्होंने पटना में डॉक्टरों को दिखाया, जहां पता चला कि उनके पेट में ट्यूमर है। हालांकि ट्यूमर के साइज़ और जटिलता को देखते हुए उन्हें सलाह दी गई कि मैक्स सुपर स्पेशियलिटी, अस्पताल, साकेत में डॉ अनंत कुमार, प्रोफेसर एवं हैड, डिपार्टमेन्ट ऑफ यूरोलोजी एण्ड रीनल ट्रांसप्लान्ट एण्ड रोबोटिक्स से मिलें। 'सर्जरी बहुत चुनौतीपूर्ण थी, क्योंकि ट्यूमर ने मरीज़ के पेट का बड़ा हिस्सा घेरा हुआ था, जिसके चलते किडनी, लिवर, स्पलीन, पैनक्रियाज़ और इंटेस्टाईन सहित सभी अंग भीतर की ओर दब रहे थे। अंगों के बीच कोई जगह न होने के कारण ट्यूमर को निकालना बेहद मुश्किल काम था, क्योंकि सर्जरी के दौरान इन सभी वाइटल अंगों को नुकसान पहुंच सकता था। हमने मरीज़ की बाईलेटरल एड्रीनलेक्टोमी की और ट्यूमर्स को निकाला।' डॉ कुमार ने बताया।

लाइफस्टाइल

## बढ़ते तापमान के साथ इन चीजों का करें सेवन

**खीरा-पपीता**

गर्मियों में तापमान बढ़ने पर खीरा और पपीता खाने से शरीर को ठंडक मिलती है और पानी की कमी पूरी होती है। पपीता और खीरा में भरपूर फाइबर पाया जाता है। इनके सेवन से पेट को ठंडक मिलती है। ये पित्त को बैलेंस करके शरीर का पीएच भी स्वस्थ रखते हैं। अगर गर्मियों में आप गैस या एसिडिटी की समस्या होती है तो भी खीरे और पपीते का सेवन लाभदायक होता है।

**नारियल पानी**

नारियल पानी में भरपूर मात्रा में न्यूट्रिशन पाया जाता है, जो शरीर में पानी की कमी को दूर करता है। इसके सेवन से पारा अधिक बढ़ने पर शरीर को अंदरूनी ठंडक भी मिलती है। नारियल पानी में बॉडी को डिटॉक्सिफाई करने के भी गुण होते हैं। इसमें फाइबर का गुण भी होता है, जो पाचन को दुरुस्त रखता है।

**खरबूजा**

खरबूजे का सेवन पेट के लिए फायदेमंद होता है। खरबूजे में एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर एसिड रिफलक्स के गुण होते हैं। इसके सेवन से शरीर में कई तरह के आवश्यक तत्वों की पूर्ति होती है। वहीं गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी को भी खरबूजा दूर करता है। गैस और एसिडिटी की समस्याओं से भी निजात मिलता है।

**केला**

गर्मी बढ़ने पर रोजाना एक पका हुआ केला जरूर खाना चाहिए। केले का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। केले में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और फाइबर के गुण होते हैं। फाइबर पाचन संबंधी समस्या को दूर करता है, तो वहीं पोटेशियम एसिडिटी को नियंत्रित करता है।

**दही या ठंडा दूध**

गर्मियों में रोजाना दही का सेवन करना शरीर के लिए फायदेमंद हो सकता है। दही में भरपूर फाइबर होता है, जो पेट की सेहत और डाइजेशन को बेहतर बनाता है। एसिडिटी और बदहजमी की समस्या भी दही के सेवन से दूर हो जाती है। वहीं ठंडा दूध पीने से पेट को ठंडक मिलती है। इससे जलन, एसिडिटी की परेशानी नहीं होती। ठंड दूध का मतलब सादा दूध पीए, न की फ्रिज में रखा दूध पीएं।

---

शोध

# सामान्य कृत्रिम मिठास से दिल के दौरे और आघात का खतरा बढ़ जाता है



**क्लीवलैंड क्लीनिक के शोधकर्ताओं ने अमेरिका और यूरोप में 4,000 से अधिक लोगों पर शोध किया और पाया कि उच्च रक्त एरिथ्रिटोल स्तर वाले लोगों के लिए दिल के दौरे, आघात या जानलेवा घटनाओं के शिकार होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।**

एक शोध में दावा किया गया है कि एरिथ्रिटोल जैसी लोकप्रिय कृत्रिम मिठास के सेवन से दिल के दौरे और आघात का खतरा बढ़ जाता है। शोध में कहा गया है कि ऐसे उत्पादों के दीर्घकालिक प्रभावों का पता लगाने के लिए और सुरक्षा अनुसंधान किए जाने चाहिए। क्लीवलैंड क्लीनिक के शोधकर्ताओं ने अमेरिका और यूरोप में 4,000 से अधिक लोगों पर शोध किया और पाया कि उच्च रक्त एरिथ्रिटोल स्तर वाले लोगों के लिए दिल के दौरे, आघात या जानलेवा घटनाओं के शिकार होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

उन्होंने पूरे रक्त या पृथक प्लेटलेट्स में एरिथ्रिटोल के प्रभावों की भी जांच की। पृथक प्लेटलेट्स कोशिका के टुकड़े होते हैं जो रक्तस्राव को रोकने और रक्त के थक्के बनने में योगदान देते हैं। नेचर मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि एरिथ्रिटोल प्लेटलेट्स को सक्रिय करने और थक्का जमाने में मदद करता है। पूर्व-नैदानिक अध्ययनों में एरिथ्रिटोल के कारण थक्का जमने की पुष्टि हुई है। दुनिया भर में हजारों खाद्य और पेय पदार्थों में कृत्रिम मिठास मौजूद होती है। हालांकि इनके इस्तेमाल को लेकर विवाद रहा है और फिलहाल यूरोपीय खाद्य सुरक्षा प्राधिकरण, विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य स्वास्थ्य एजेंसियां इसका पुनर्मूल्यांकन कर रही हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)।** इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।